हिन्दू आस्था की प्रतीक नौ देवियां

स्वास्थ्य सेवा के लिए तत्पर भारत विकास परिषद्

संपर्क | सहयोग | संस्कार | सेवा | समर्पण

स्वस्थ-समर्थ-संस्कारित भारत ◆ Swasth-Samarth-Sanskarit Bharat

# नीति Niti

भारत विकास परिषद् तमसो मा ज्योतिर्गमय स्था. 1963 ®

आश्विन-कार्तिक | October 2021

अंक 10 | पृष्ठ 40 | Rs. 10

## अमृत महोत्सव विदर्भ प्रान्त



# भारत विकास परिषद् 2022 के वॉल कैलेण्डर
# Bharat Vikas Parishad Wall Calendar 2022




## वर्ष 2022 के वॉल कैलेण्डर प्रकाशित किये जा रहे हैं।

## सहयोग राशि : रुपये 25/-

कैलेण्डर्स मंगवाने के लिए अपना ऑर्डर
bvp@bvpindia.com पर ई-मेल करें।

**कृपया आपके ऑर्डर अग्रिम भुगतान के साथ प्रार्थनीय है।**

Kindly make the payment in favor of 'Bharat Vikas Parishad Prakashan'. Account No. 90962010080664, RTGS or IFSC code: CNRB0019096 of CANARA Bank, Pitampura, Delhi-110034

नोटः 300 से अधिक के ऑर्डर पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट।

# भारत विकास परिषद् 2022 के टेबल कैलेण्डर
# Bharat Vikas Parishad Table Calendar 2022

## वर्ष 2022 के टेबल कैलेण्डर प्रकाशित किये जा रहे हैं।

## सहयोग राशि : रुपये 30/-

कैलेण्डर्स मंगवाने के लिए अपना ऑर्डर
bvp@bvpindia.com पर ई-मेल करें।

**कृपया आपके ऑर्डर अग्रिम भुगतान के साथ प्रार्थनीय है।**

Kindly make the payment in favor of 'Bharat Vikas Parishad Prakashan'. Account No. 90962010080664, RTGS or IFSC code: CNRB0019096 of CANARA Bank, Pitampura, Delhi-110034




नोटः 300 से अधिक के ऑर्डर पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट।

-राष्ट्रीय मंत्री, प्रकाशन

58 Years
In the Service of Mankind

BHARAT VIKAS PARISHAD

October 2021 No. 10 Vol XXXXXIVVXVXVXVXXII
सृष्टि संवत् : 1, 96, 08, 53, 122 शकसंवत् 1943
आश्विन-कार्तिक 2078 दयानन्दाब्द 199 कलि संवत् 5124

नीति / Niti
Mouth piece of Bharat Vikas Parishad with a circulation of 59650

National President
**GAJENDRA SINGH SANDHU**
Rudrapur | +91-9412136841

National Vice President (HQ)
**MAHESH BABU GUPTA**
Noida | +91-9811226601

National Secretary General
**SHYAM SHARMA**
Kota | +91-9829038190

National Finance Secretary
**SAMPAT KHURDIA**
Mumbai | +91-9821139149

National Organising Secretary
**SURESH JAIN**
Delhi | +91-9974399944

National Chairman Prakashan
**DR SURESH CHANDRA GUPTA**
Farrukhabad | +91-9415334709

National Secretary Prakashan Editor Niti
**MANOJ AVASTHI**
Ghaziabad | +91-9953495747, 9891153495

नीति समाचार भेजने के लिए केवल- niti@bvpindia.com का प्रयोग करें।

Niti e-paper : This issue is also available on Parishad's website **www.bvpindia.com**

Published & Printed by Ajay Dutta for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034 Editor : Dr. S.C.Gupta Printed at: DEEYA MEDIA ART, D-41/A, Opposite Metro Pillar No. 33, Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092, Ph.: 9312550335

"काश लोग समझ जाएँ कि रिश्ते एक दूसरे का ख़याल रखने के लिए बनाए जाते हैं! एक दूसरे का इश्तेमाल करने के लिए नहीं...।"

# IN THIS ISSUE

| | |
|---|---|
| सम्पादकीय | 04 |
| अमृत महोत्सव विदर्भ प्रान्त | 05 |
| परिषद् के बढ़ते कदम... | 12 |
| त्यौहार | 14 |
| हिन्दू आस्था की प्रतीक नौ देवियां | 18 |
| स्वास्थ्य | 20 |
| "श्राद्ध-पितृ पक्ष" | 23 |
| Independent Auditors Report | 24 |
| विविध गतिविधियां | 30 |
| भारत विकास भवन, अजमेर का लोकार्पण | 38 |

## अक्टूबर मास के पर्व

02 : महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती
07 : नवरात्र प्रारंभ
12 : महा सप्तमी
13 : महा अष्टमी
14 : महा नवमी
15 : दशहरा (विजय दशमी)
20 : शरद पूर्णिमा, महर्षि वाल्मीकि जयन्ती
24 : कारक चतुर्थी (करवा चौथ)

Central & Regd. Office:
**BHARAT VIKAS BHAWAN**
Behind BD Block DDA Market, Power House Road, Pitampura, Delhi -110034
Ph: 011- 27313051, 27316049, 27314515
e-mail : bvp@bvpindia.com
niti@bvpindia.com
website : www.bvpindia.com

Price : Rs. 10.00 Per Copy
Annual Subscription : Rs. 100.00

Please forward news at niti@bvpindia.com

सिर्फ विचार से संसार नहीं बनता। सद्जीवन की प्राप्ति के लिए उच्च विचारों के अनुरूप सद्कर्म करने की आवश्यकता होती है। अतः हमें हमेशा सद्कर्म करते रहना चाहिए। हां, सभी सामाजिक कार्य करोना के नियमों का पालन करते हुए निवर्हन करने चाहिए।

प्रतिवर्ष की भांति तीज-त्यौहारों का मौसम पुनः आ गया। करोना के भय से भयभीत, सभी मानकों का पालन करते हुए शाखाओं द्वारा कार्यक्रम पुनः आयोजित किए जाने लगे हैं। यह हर्ष का विषय है। कुछ शाखाओं द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मुख्य रूप से मनाया गया। विदर्भ प्रान्त ने 14 अगस्त की मध्य रात्रि 12 बजे 75 अंक के दीप प्रज्जवलित किए। परिषद् के सदस्यों ने मंगलवेश में सहभागिता की। जम्मू से तमिलनाडू तक तथा त्रिपुरा से गुजरात तक आजादी का उत्सव, अमृत महोत्सव शाखाओं द्वारा मनाया गया। रक्षा बन्धन पर्व में शाखाओं द्वारा पुलिस व सैनिक अर्धसैनिक बलों को रक्षासूत्र बांधने के साथ-साथ वृक्षाबंधन कार्यक्रम भी आयोजित हुए। कई प्रान्तों-अंचलो में जन्म-अष्टमी कृष्ण अष्टमी त्यौहार की भी धूम रहीं। प्रायः नन्हे बच्चों की राधा-कृष्ण के परिधानों मे ड्रैस प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कहीं इस पर्व को गौ-संवर्धन से जोड़ गौ-सदनों में कार्यक्रम आयोजित हुए।

कुछ प्रान्तों में स्कूल प्रारम्भ होने लगे हैं। गुरु-वंदन छात्र अभिनंदन का आयोजन शिक्षकों का उत्साहवर्धन कर गुरु-शिष्य परंपरा प्रगाढ़ कर रहा है। कहीं-कहीं ऑन-लाइन एकल गीत कार्यक्रम संचालित कर परिषद् के मूल कार्यक्रम 'समूहगान प्रतियोगिता' को संजोय रखा है। करोना का भय परिषद् के सदस्यों को एक नए आन-लाइन परिवेश से अवगत करा गया। और सिखा गया कि क्रियात्मकता ही जीवन का प्रमुख लक्षण है। सिर्फ विचार से संसार नहीं बनता। सद्जीवन की प्राप्ति के लिए उच्च विचारों के अनुरूप सद्कर्म करने की आवश्यकता होती है। अतः हमें हमेशा सद्कर्म करते रहना चाहिए। हां, सभी सामाजिक कार्य करोना के नियमों का पालन करते हुए निवर्हन करने चाहिए। नवरात्र, दुर्गा पूजा व विजयदशमी की अनंत शुभकामनाएं।

**- मनोज अवस्थी**



# अमृत महोत्सव विदर्भ प्रान्त

विदर्भ-महाराष्ट्र : वर्ष 2021 को हम आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष के रूप में मनाने जा रहे हैं। इसकी शुरुआत परिषद् के विदर्भ प्रान्त ने स्थानीय महापौर दयाशंकर तिवारी के मार्गदर्शन एवं मुख्यातिथ्य में 14 अगस्त की मध्य रात्रि (12 बजे) 75 अंक के दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर परिषद् के सभी सदस्य मंगलवेष कार्यक्रम में भाग लिया। अपने उद्बोधन में महापौर दयाशंकर तिवारी ने आने वाले वर्षों में किये जाने वालों कार्यक्रमों की रूपरेखा को विस्तार से बताया जिसमें प्रान्त ने भी अपना सम्पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। प्रान्त की विभिन्न शाखाओं द्वारा वृक्षारोपण, राखी बनाओं, आरोग्य शिविर, रक्षा बन्धन एवं कोरोना वॉरियर्स का सम्मान आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जन्मी 12 लड़कियों की माताओं की गोदभराई कर नवजात बच्चियों को कपड़े व अन्य सामग्री भेंट की गई।

**Assam:** 75th Independence Day celebrated by Prant at Parishad Seva Kendra, Bishnupur. On this occasion, Patron Kapoor Chand Jain hoisted the National flag in the presence of Prant president, members and local residents. On this occasion, Prant organized online Vande Mataram competition. Twelve participants from two groups



Assam prant celebrated Independence Day

participated. Rinti Goswami of Dibrugarh in Group A and Tamali Datta of Group B were declared the winners by the judge Aparna Datta Ghosh. In the evening, a cultural program was organized through YouTube channel.Tamali Dutta, Mohar Das Purkayastha, Aishwarya Debnath, Parna Dey and Saumilie Paul presented dances based on patriotic songs through the online medium. Shri Deepak Kumar Dutta played a patriotic song on Electric Guitar.

**Silchar South:** A cultural program organized by the branch in virtual mode on 75th Independence Day. The program featured dance, songs and recitations by some local artists and members of the branch. Branch Secretary Dr. Darshan Patoa, Vice President Barun Sen,Treasurer Dr. Kinshuk Adhikari, Bishwaraj Chakraborty, Branch President Professor Niranjan Roy and Joint Coordinator Dr Sujata Dutta Gupta were presend on this occasion.

**Badarpur:** 75th Independence Day was celebrated by branch. Raksha Bandhan program was also organized at the local Radha Krishna Akhra Badarpurghat. Chieg guest Siba Prasad Nath of the program described the history of Raksha Bandhan festival. Thereafter, the sister members of the council tied rakhis on the wrists of all the brother members and invitees present on the occasion.

**Gandhi Nagar-Jammu, J&K :** Branch celebrated 75th Independence Day at Shivaji Chowk. The flag hoisted by branch president Ashok Khajuria. Patron Satya Nand Sharma, Amita Sharma, Regional Secretary Women and Child Development, National Secretary Arun Sharma and Gopal Sharma, Branch President Bhopal Dutta, Secretary Sushil Ojha, Treasurer Ravi Gupta, Vijay Sharma, Dr. Santosh Gupta, Jagdish Dongra, N.K. Mishra were present on this occasion.

**Saraswati Vihar, Delhi North:** Branch celebrated 75th Independence day at district park, Paschim Vihar. The flag was hoisted by Kailash Solanki-Municipal Councilor and DDA member. At the end of programme fruits were distributed among all the people present in the park. On this occasionV.S. Bhatnagar, Vice President of prant and Sangeeta



**योग मेरठ, हस्तिनापुर : शाखा का ध्वजारोहण कार्यक्रम**

Gupta , Women chief were also present. And 50 saplings were planted in the district park Paschim Vihar by all the present members of the branch.

**रेवाड़ी, हरियाणा दक्षिण :** शाखा द्वारा स्थानीय शिव मंदिर परिसर, अमनगनी हाउसिंग सोसायटी के सामने गढ़ी बोलनी रोड में राष्ट्र के 75वां स्वतंत्रता दिवस और रूद्राभिषेक पूजा धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण शाखा अध्यक्ष रमेश सचदेवा और उपाध्यक्ष सुनील भार्गव ने संयुक्त रूप से किया जिसमें परिषद् परिवार के सदस्यों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। समारोह में डॉ. सुमन यादव और सदस्य परिवार के बच्चों द्वारा राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियाँ दी। शाखा अध्यक्ष ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाईयाँ देते हुए बच्चों एवं उनके परिजनो को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने और समर्पित बनने पर जोर दिया। शिव मंदिर परिसर में रूद्राभिषेक पूजन कर महादेव की स्तुति की गई। कार्यक्रम में शाखा दायित्वधारियों सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

**योग मेरठ, हस्तिनापुर :** शाखा द्वारा शहीदों की याद और देश के सम्मान में 'माँ तुझे प्रणाम' अभिनव अभियान के तहत ब्रह्मपुरी पंजाया पर 75वें स्वतत्रंता दिवस पर झण्डारोहण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस आयोजन में प्रान्तीय वित्त सचिव अशोक गुमार, प्रान्तीय चेयरमैन सुभाष चंद गुप्ता, संरक्षक महेन्द्र पाल गुप्ता, विष्णु कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश रस्तोगी, सचिव दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष मांगेराम गुप्ता, महिला संयोजिका अंजू गुप्ता, कृष्ण कुमार सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



**मोदीनगर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश : शाखा का ध्वजारोहण कार्यक्रम**

**मोदीनगर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश :** शाखा द्वारा देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, गोविन्द पुरी में किया गया। कार्यक्रम में शाखा संरक्षक विश्व बन्धु सचदेवा, अजय गुप्ता एवं आनन्द कुमार के साथ दर्शन लाल, जितेन्द्र आहूजा, दिनेश प्रजाति, विद्यालाय के प्रधानाचार्य शिवदत्त शर्मा ने अपने विचारों से सभी को अवगत कराया। स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये।

**ग्रेटर देहरादून, उत्तराखण्ड पश्चिम :** शाखा ने होटल ग्रेड लीगेशी में स्वतंत्रता दिवस एवं हरियाली तीज उत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉली डबराल एवं विशिष्ट अतिथि प्रान्तीय वित्त सचिव पं. सुबास चन्द्र शतपथी द्वारा किया गया। स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक

शुभकामनाएँ देते हुए सारिका चौधरी ने संचालन किया। कार्यक्रम में डान्स एकेडमी की बालिकाओं एवं परिवार सदस्यों द्वारा सुन्दर-सुन्दर प्रस्तुतियाँ दी गई। शाखा के वरिष्ठ सदस्य मनमोहन कुमार नागलिया एवं तनुश्री गुप्ता ने सभी सदस्यों को सरप्राइज एवं मनोरंजक खेल करवाया। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष सत्य शरण कोठियाल एवं प्रान्तीय वित्त सचिव ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं शुभकामनाएँ दी।

**शिवालिक हरिद्वार :** शाखा द्वारा राष्ट्र की 75वीं स्वतंत्रता दिवस, आजादी का अमृत महोत्सव सुभाषनगर, ज्वालापुर स्थित एस.वी.एम. विद्यालय में नन्हे-नन्हे साधनहीन बच्चों के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण प्रान्तीय अध्यक्ष बी.पी. गुप्ता द्वारा किया गया। समारोह में विद्यालय के 23 छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ समाजसेविका शारदा गुप्ता ने बच्चों को देश प्रेम एवं संस्कार की बाते बताकर उनके मन में मुस्कान भर दिया। समारोह में वेदना यादव ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। महिला संयोजिका वेदप्रभा श्रीवास्तव ने गीता पढ़ा एवं सावन आया रे गीत गाकर माहौल को मधुर कर दिया। इस अवसर पर आदरणीय ए.के. श्रीवास्तव ने अपने विचार रखते हुए आशीष प्रदान किया। सदस्य डॉ. देवेन्द्र ने काव्यपाठ किया। समारोह का समापन प्रान्तीय अध्यक्ष के अभिभाषण से हुआ। समारोह में बच्चों को फल, बिस्कुट एवं कलम देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

**अलीगढ़ मुख्य, ब्रज उत्तर :** राष्ट्र का 75वां स्वाधीनता समारोह शाखा अध्यक्ष डॉ. गिरीश वार्ष्णेय की अध्यक्षता में स्थानीय चंपा अग्रवाल इण्टर कॉलेज अंचल ताल में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रान्तीय रीजनल संरक्षक जे.पी. गुप्ता, प्रान्तीय उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्र वार्ष्णेय एवं प्रधानाचार्या हेमलता सिंह द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने इस अवसर पर रंगारंग देश भक्ति गीत,

**75वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाखा द्वारा झंडारोहण समारोह व संस्थापक स्व. डॉ. आर. सहाय की स्मृति में स्थाई सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत सार्वजनिक प्यायू का शुभारंभ सिद्धनाथ मंदिर 150 फीट रोड स्मार्ट ट्रेडर्स पर सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाज सेवी गुलशन धूपड़ ने अपनी पत्नी के साथ किया।**

नृत्य, भाषण एवं कविताओं की पुस्तुति ने दर्शकों का मनमोह लिया। उपस्थित सभी अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने उद्गार से सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर जे. पी. गुप्ता ने विद्यालय की निर्धन छात्रा को पढ़ाई के लिए रुपये 1100/- की राशि प्रदान की। शाखा कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ सदस्यों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**स्वामी विवेकानन्द भरथना, ब्रह्मावर्त :** शाखा द्वारा परिषद् कार्यालय होमगंज पर राष्ट्र के 75वां स्वाधीन्ता दिवस हर्षोल्लास व उमंग से मनाया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अंकुर पुरवार द्वारा ध्वजारोहण कर महापुरुषों को याद किया गया। स्थानीय शिव मंदिर में पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण किया गया।

**रामकृष्ण कानपुर :** 75वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाखा द्वारा झंडारोहण समारोह व संस्थापक स्व. डॉ. आर. सहाय की स्मृति में स्थाई सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत सार्वजनिक प्यायू का शुभारंभ सिद्धनाथ मंदिर 150 फीट रोड स्मार्ट ट्रेडर्स पर सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाज सेवी गुलशन धूपड़ ने अपनी पत्नी के साथ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. कुणाल सहाय उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा अनीता श्रीवास्तव, राजेन्द्र अवस्थी, कोषाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र शर्मा, महिला संयोजिका वन्दना सोलंकी तथा शाखा के सम्मानित सदस्य विष्णु सहाय, विमलेश शंकर अवस्थी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस आयोजन में स्मार्ट ट्रेडर्स के प्रो. ओ.के. श्रीवास्तव का सराहनीय सहयोग रहा।

**किदवईनगर कानपुर :** स्वतंत्रता दिवस -आजादी का अमृत महोत्सव अग्रसेन भवन में सम्पन्न हुआ जिसमें शाखा के वरिष्ठ सदस्य धर्मदत्त द्विवेदी द्वारा झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर डॉ. छमा दीक्षित द्वारा 'देश हमे देता है सब कुछदेना सीखे', रामकुमार

शुक्ला ने झंडा 'ऊंचा रहे हमारा' एवं नई सदस्य स्नेह शुक्ला ने 'छोड़ो कल की बातें' गीत प्रस्तुत किया। एम.एल. अग्रवाल ने स्वाधीनता के बारे में प्रकाश डाला। गुरुकुल हनुमंत प्राच्य विद्या आश्रम में संस्कृत भाषा का ज्ञान प्राप्त कर रहे 15 निराश्रित अनाथ बालकों के बीच विश्व संस्कृत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सदस्यों द्वारा बालकों को 4 प्रकार की कर्मकांड सम्बन्धित संस्कृत की पुस्तकें, 2 रजिस्टर, पेन, बिस्कुट एवं फल भेंट किया गया। इस विषम परिस्थितियों में गुरुकुल के आचार्यों द्वारा निःशुल्क सेवा के लिए प्रशंसा की गई।

**जोधपुर, राजस्थान पश्चिम :** शाखा के आतिथ्य में 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। शाखा दायित्वधारियों द्वारा झंडारोहण किया गया। अनिल गोयल एवं प्रदीप राठी ने उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित की और शाखा द्वारा अधिकतम कोविड वैक्सीनेशन शिविर करवाने पर बधाई दी गई। समारोह में किशन बिड़ला, प्रो. डी.एल. माथुर, प्रो. वी.डी. दवे, डा़. ए.सी.एच. माथुर, डॉ. के.एस.राजपुरोहित, सीताराम राठी, कैलाश राठी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**भोपाल, मध्य भारत दक्षिण :** भोपाल की महावीर एवं विवेकानन्द शाखा ने स्थानीय आनन्दधाम आश्रम में राष्ट्र के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण उत्सव मनाया। उक्त कार्यक्रम में आश्रम के सदस्यों व शाखा सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। शाखा की मातृशक्ति द्वारा आनन्दधाम आश्रम की नई बिल्डिंग हेतु 8 सीलिंग फैन व 2 एग्जॉस्ट फैन भेंट किया गया। इस अवसर पर विवेकानन्द शाखा अध्यक्ष संजय बरनवाल ने स्वागत भाषण एवं आभार महावीर शाखा की महिला प्रमुख रुचिता अग्रवाल द्वारा किया गया। संचालन महावीर शाखा के सचिव दीपक मिश्रा द्वारा किया गया।

**ईडर, गुजरात मध्य :** शाखा द्वारा राष्ट्र के 75वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम श्रीमती एम.बी.के. हाई स्कूल भानपुर में आयोजिक किया जिसमें शाखा के पूर्व उपाध्यक्ष किशनभाई सोनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गुणवन्तभाई जोशी, नरसिंहभाई पटेल, सचिव शैलेन्द्र सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष संजयभाई सोनी, किशनभाई सोनी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**Anna Nagar, Tamil Nadu North :** On the request of Provincial President Chella Subramaniam, all the branches celebrated 75th Independence Day. On this occasion, information was given about what is BVP and its activities. In this sequence, Anna Nagar branch celebrated Independence Day at Anjugam LP School, Choolaimedu. The headmistress Uma Maheshwari hoisted the flag by National Secretary KK Janardhan and Branch President Muthuvelraj in the presence of students, parents, all teachers and some well wishers. Persons from the medical field (2 doctors, 3 nurses, 1 physio, 2 attendants, who have actually served corona patients ignoring their own health and family, 5 scavengers who cleaned hospital garbage) were honored with a memento by the branch.

**Nagercoil, Tamil Nadu South :** The branch celebrated 75th Independence Day with enthusiasm at. Swami Vivekananda Ashram Vellimalai Nagercoil. Swami Chaitanyanand Maharaj graced the function and blessed the school children and members.

Telangana : Prant celebrated 75th Independence Day at New office premises (Kukatpally) of Prant which was formaly inaugurated by chief guest Ashwani Subba Rao Regional Patron and Hanumantha Rao, Prant Parton and branch office bearers were present on this occasion.

A unique program called "Jai Ho Bharat" an online painting competition of 75 famous freedom fighters was organised among the students including juniors (6th to 8th standard), seniors (9th to 12th standard) and More than 250 students of Super Seniors (Degree/ Professional). Awards were given by the chief guest to the short-listed winners in all the three categories. ■

## AN APPEAL FOR EXTENDING JANAKALYAN NIDHI OF BHARAT VIKAS PARISHAD

**Respected Brothers/Sisters,**

To grow and prosper is the key for any organization and more so for a robust organization like Bharat Vikas Parishad (BVP). Established on 10th July 1963, Bharat Vikas Parishad has rendered more than 5 decades of selfless service built on the core principles of Swasth-Samarth-Sanskarit Bharat. We are happy and proud that BVP has survived the onslaught of time, grown and prospered over the years and continues to serve the downtrodden in our country with spirit of Sanskar and Seva.

It is said that Change is the only constant and BVP has also evolved over time to cope with the changing times. BVP is committed in making a difference at all levels – be it local or national. It works on providing long-term benefits with infrastructure institutions such as hospitals, diagnostic centers, schools, etc., to aiding and providing relief during national disasters like tsunamis, earthquakes, floods, COVID pandemic, etc. BVP has always pledged to extend the hand of help to all needy.

Our members have always shown the motivation, willpower and determination to come forward and actively participate in these projects. However, there have been circumstances where the enthusiasm of the members could not be supported with the necessary monetary resources. While donations do help, they cannot be depended upon always. In order to cater to such situations, BVP had started two corpus donation schemes, Vikas Mitra in 2002 & Vikas Ratna in 2007. A brief about these scheme is given below:

Under the Vikas Ratna Scheme, a person who subscribes to the ideology and vision of BVP can join the ranks of Vikas Ratna by donating a sum of Rs. 1,00,000- (rupees one lakh) -which can be even paid in installments as per the donor's wishes. The contribution of such Donors is being recognized by the National office bearers who will honour them with a Memento, a Shawl and Shriphal at either the National Conference or at some other National or Regional leveI function. Their colour photographs together with their spouses are being published prominently in the monthly magazine NITI and is being permanently posted on the Parishad's website. They are being also invited to all national events and given a place of honour.

In the second scheme of Vikas Mitra, individuals can join the rank by contributing a minimum amount of Rs.11,000 (rupees eleven thousand). They are being honored at the Prant Level with a Scarf, Memento and Shriphal. A seat is reserved for them at all Prant and National Meetings and Conferences. A list of Vikas Mitra patrons is also available on the Parishad's website.

All the felicitations, etc being presently carried out by BVP in both the schemes.

Presently from the contributions received through the two schemes, a corpus fund has been created and the principal amount is banked by Bharat Vikas Parishad in fixed deposit with a Scheduled Bank and help/assistance is carried out only from the interest received on the fixed deposits. The contributions are treated as Corpus funds so that they can continue to serve for a long tenure.

Donations to Bharat Vikas Parishad are eligible for income tax deduction under section 80-G of income Tax Act. The DD/cheques should be in the name of Bharat Vikas Parishad payable at Delhi.

We earnestly appeal that these 2 Schemes are publicized among like-minded people and strong supporters of BVP in your area and we hope maximum donations are garnered by these Schemes.

**For Bharat Vikas Parishad**

**-Shyam Sharma,** National Secretary General

सम्पर्क ❖ सहयोग ❖ संस्कार ❖ सेवा ❖ समर्पण

# Bharat Vikas Parishad

## CENTRAL OFFICE

(Established in 1963 Under Societies Act XXI of 1860- No. S-2272/63,
Certifide by ISO 9001 : 2015 Sevises)
Bharat Vikas Bhawan, BD Block, Behind Power House, Pitampura, Delhi-110034
Phones: 011-27313051, 27316049 E-mail: bvp@bvpindia.com Website: www.bvpindia.com

## DONATION FOR VIKAS RATNA/MITRA

Date : —/—/—

I am donating a sum of ₹ ______________________________ towards Corpus fund of Bharat Vikas Parishad, as per details below:

1. Name in English ______________________________
   Name in Hindi ______________________________
2. Father's Name ______________________________
3. Member BVP (Yes/No) if Yes; Branch ______________________________
   Prant ______________________________
4. Date of Birth ____ / ____ /____ 5. Marriage Anniversary ____ / ____ /____
6. Name of Spouse ______________________________
7. P.A.N. ______________ 8. Blood Group ______________
9. Cheque No. & Bank Name ______________________________
10. Residential Address ______________________________
    ______________________________
    ______________________________
11. (a) Tele No. Resi. / Office ______________________________
    (b) Mobile ______________________________
    (c) E-mail ______________________________
12. Occupation ______________________________
13. Two Passport Size Photographs (For Vikas Ranta with Spouse photograph)

______________________________
(Signature)

# परिषद् के बढ़ते कदम...
# नई शाखाएँ



मसूरी, उत्तराखण्ड पश्चिम : प्रान्त की नई शाखा मसूरी का दायित्वग्रण समारोह।

**मसूरी, उत्तराखण्ड पश्चिम :** प्रान्त द्वारा एक नई शाखा मसूरी का गठन किया गया यह परिषद् के लिए सराहनीय कदम है। प्रान्तीय अध्यक्ष ब्रज प्रकाश गुप्ता ने नवीन शाखा के सभी दायित्वधारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की। दायित्व ग्रहण समारोह में कैबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड गणेश जोशी, रीजनल सचिव सविता कपूर, प्रान्तीय अध्यक्ष बी.पी.गुप्ता, महासचिव जे.के. मोंगा, अधिष्ठापन अधिकारी पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष चन्द्रगुप्त विक्रम एवं सभी गणमान्य सज्जनों की सराहनीय उपस्थिति रही। शपथ अधिकारी द्वारा नवीन शाखा के कार्यकारिणी सहित आलोक महरोत्रा को अध्यक्ष, रमेश कुमार जायसवाल को सचिव, चन्द्र प्रकाश गोदियाल को कोषाध्यक्ष एवं शशी रावत को महिला संयोजिका पद की शपथ दिलवाई गई।

**अजमेर, राजस्थान मध्य :** शहर की पांचवी शाखा 'स्वामी विवेकानन्द' का स्थापना एवं दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने की। समारोह में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.डी. शर्मा, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. त्रिभुवन शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री सम्पर्क प्रकल्प मालचन्द गर्ग, राष्ट्रीय मंत्री संस्कार प्रकल्प बलराज आचार्य, राष्ट्रीय मंत्री मुकन सिंह राठौड़, रीजनल सचिव संस्कार दिनेश कोगटा, रीजनल सचिव महिला एवं बाल विकास गुणमाला का सराहनीय उपस्थिति रही। मुकन सिंह राठौड़ ने सदस्यों को संकल्प दिलाया और परिषद् से संबंधित सामग्री का किट भेंट किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.डी. शर्मा ने शाखा के नवीन दायित्वधारियों गुलशन मेघानी को अध्यक्ष, विशाल वर्मा को सचिव, जे.के. गौड़ को कोषाध्यक्ष एवं बीना टाक को महिला प्रमुख के रूप में शपथ दिलवाया। प्रान्तीय अध्यक्ष पारसमल बोहरा, एवं महासचिव संदीप बाल्दी ने नवीन दायित्वधारियों को ऊपरना ओढ़ाकर एवं लेपिल पिन लगाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने शाखा को चार्टर प्रदान करते हुए अपने उद्‌बोधन में कहा हम सभी को समाज में सेवा व संस्कार के माध्यम से कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध होना होगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने अपने



**स्वामी विवेकानन्द अजमेर, राजस्थान मध्य : प्रान्त की नवीन शाखा स्वामी विवेकानन्द को चार्टर प्रदान करते हुए राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय दायित्वधारी।**

उद्बोधन में प्रान्त द्वारा किये जा रहे कार्यों का भूरि-भूरि सराहना की। राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. त्रिभुवन शर्मा ने परिषद् की विस्तृत जानकारी सभी के समक्ष रखी। संचालन शिवम प्रहलादका एवं आलोक गुप्ता ने किया।

**संस्कार गोराई' बोरीवली, मुम्बई महाराष्ट्र :** कोरोना महामारी में भी परिषद् अपने विकास पथ पर अग्रसर है। इसी क्रम में प्रान्त की 19वीं नवीन शाखा 'संस्कार गोराई' बोरीवली जिला मुम्बई सबर्बन में स्थापित की गई। स्थापना समारोह का शुभारंभ शाखा सदस्य रोहत पारीक के वन्देमातरम गायन से हुआ जिसमें प्रान्तीय अध्यक्ष जे.पी. बीयाला ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। समारोह में प्रान्त के संरक्षक एस.एस.गुप्ता, राष्ट्रीय वित्त मंत्री सम्पत खुर्दिया, राष्ट्रीय प्रकल्प चेयरमैन गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन नीरज गुप्ता, रीजनल संरक्षक ओम प्रकाश कानूनगो, रीजनल संस्कार सचिव बालमुकुंद गट्टानी, प्रान्तीय महासचिव ओमप्रकाश प्रजापति, प्रान्तीय वित्त सचिव माणकचंद डागा एवं संगठन सचिव दिलीप माहेशवरी उपस्थित रहे। संचालन नवीन शाखा के संरक्षक दौलत शर्मा ने किया। कार्यक्रम में उद्योगपति दिनेश सोमानी को अध्यक्ष, रामेशवर भादवा को सचिव एवं योग पलसानिया को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलवाई गई। एस.एस. गुप्ता द्वारा सभी सदस्यों का मनोबल बढ़ाने के लिए सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। सम्पत खुर्दिया ने परिषद् के बारे में विस्तार से बताया एवं परिषद् के नियम को नई शाखा के दायित्वधारियों को विस्तार से समझाया। ओम प्रकाश कानूनगो द्वारा सेवा प्रकल्प के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। राकेश ओस्तवाल ने संस्कार विषय पर विस्तृत जानकारी दी। प्रान्त में चलाये जा रहे प्रकल्प एवं स्थाई प्रकल्प के बारे में ओमप्रकाश प्रजापति द्वारा जानकारी दी गई। मानकचंद डाला द्वारा उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

प्रान्त ने मुम्बई के जिला पालघर में 20वीं नवीन शाखा ''छत्रपति शिवाजी महाराज, नालासोपारा पूर्व'' का गठन किया। शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय वित्त मंत्री सम्पत खुर्दिया, राष्ट्रीय मंत्री लक्ष्मी निवास जाजू, रीजनल सचिव सेवा रवि प्रकाश, प्रान्तीय उपाध्यक्ष विद्याधर मोरवाल, प्रान्तीय सेवा-संस्कार प्रमुख



**छत्रपति शिवाजी महाराज, नालासोपारा पूर्व, मुम्बई महाराष्ट्र : प्रान्त की नवीन शाखा छत्रपति शिवाजी महाराज को चार्टर प्रदान करते हुए राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय दायित्वधारी।**

शालिनी चौधरी, प्रान्तीय सह सचिव विकास अग्रवाल, प्रान्तीय आई.टी. संयोजक रामलक्ष्मण नौलखा सहित स्थानीय शाखाओं समर्पण, शक्ति, कांदिवली, वसई के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में नवीन शाखा के गोयल करपे ने अध्यक्ष, शिवम पाण्डे ने सचिव एवं धरमचंद डागा ने कोषाध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण व सदस्यों ने परिषद् की सदस्यता शपथ ग्रहण की। प्रान्त की ओर से सभी उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व नवीन शाखा को शुभकामनाएँ दी गई। संचालन डॉ. अनिल शुक्ला ने किया। ■



# त्यौहार



**Tripura:** On the auspicious day of Janmashtami, all the members of Mahila and Child Development of the state went to IGM Hospital and distributed baby kits and child diaries to all the girls born on that day and horlicks to their mothers. Local MLA and (Chairman of IGM) Dr. Dilip Das, Superintendent Dr. Amitabh Chakraborty, Dr. Mrinal Das and Manju Deb, Roopa Debbarma etc. were present on this occasion.

**Patharkandi, Assam :** The branch celebrated Raksha Bandhan at Kanai Lal Jewish Ashram, Kanaibazar. On this occasion sister members of the branch tied rakhi on the wrists of members and guests including Krishnandu Paul, Hon'ble MLA.

**दुमका, झारखण्ड :** शाखा की महिला सदस्यों द्वारा तीजोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सज-धज कर तीज के उत्सव का आनन्द उठाया। सभी ने राजस्थानी गानों पर नृत्य किया, अंताक्षरी खेली एवं महिला श्रृंगार पर रचित बोर्ड पर हाऊजी खेल कर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट



दुमका, झारखण्ड : शाखा महिला सदस्यों द्वारा तीजोत्सव का आयोजन

व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस आयोजन में शाखा अध्यक्ष श्रीमती शर्मा के नेतृत्व में महिला सदस्यों ने सराहनीय सहयोग दिया।

**बठिण्डा, पंजाब दक्षिण :** प्रान्तीय संरक्षक प्रो. अशोक कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में महिला सहभागिता प्रमुख डॉ. तरु मित्तल के नेतृत्व में बहनो ने राष्ट्रीय आपदा बल के जवानों को स्वहस्त निर्मित राखियाँ बांधकर और मिठाईयाँ बांट कर भाई बहन का प्यार रक्षाबंधन का त्योहार उत्साह एवं धूमधाम से मनाया। समाजसेवी नरेन्द्र बस्सी ने उपस्थित सभी सदस्यों का परिचय कराया। रवि कुमार पंडित ने सदस्यों का अभिनन्दन किया और समारोह में आने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रो. अशोक कुमार गुप्ता ने परिषद् के इतिहास और दर्शन से सभी को अवगत कराया। सुवर्षा बेरी, संस्कार प्रमुख ने आपदा प्रबधक के जवानों द्वारा आतिथ्य सत्कार के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाखा के अनेक गणमान्य सदस्यों की सहभागिता रही। शाखा दायित्वधारियों के मार्गदर्शन में माता वैष्णोदेवी मंदिर पटेल नगर में जल सेवा की गई। इसके अतिरिक्त दर्शन कुमार बंसल द्वारा 576 बोतले जलजीरा का वितरण किया गया। मंदिर कमेटी द्वारा इस पुनीत कार्य के लिए दायित्वधारियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया।

**कुरुक्षेत्र, हरियाणा उत्तर :** शाखा द्वारा लोक संस्कृति आधारित तीजोत्सव कार्यक्रम स्थानीय होटल पर्लमार्क में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाखा की महिला सदस्यों द्वारा तीज उत्सव गीत, तीज वर्णित कविता, सावन में साजन आने की आहट भरे लोकगीत, आया सावन झूम के आदि पर नृत्य की प्रस्तुति की गई।

**घरौंडा :** शाखा की महिला विग द्वारा तीजोत्सव अत्यन्त हर्ष के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाखा की 35 महिलाएं एवं 20 बच्चों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रकल्प प्रमुख अंजना राणा एवं रुचि आर्य द्वारा किया गया। उपस्थित सभी महिलाएं हरे एवं पीले रंग के परिधानों में सुसज्जित थीं। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने अगल-अलग गीतों पर डांस की प्रस्तुति दी और बच्चों ने डांस प्रस्तुत किये एवं गेम का आनन्द उठाया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महिला प्रमुख मीनू शर्मा ने तीज त्यौहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। घरौंडा कम्युनिटी सेंटर में व्यंजन प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें 13 महिलाओं ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया



घरौंडा, हरियाणा उत्तर : शाखा द्वारा हरियाली तीज का आयोजन।

गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष राहुल गर्ग, सचिव वरुण गुप्ता व अन्य गणमान्य सदस्यों सहित प्रान्तीय महासचिव धीरज भाटिया, राजेश जैन, विक्रांत राणा उपस्थित रहे।

**गन्नौर, हरियाणा मध्य :** शाखा द्वारा विभिन्न विद्यालयों में राखी बनाओं प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें नव ज्योति शिक्षा सदन के निदेशक राजेन्द्र कौशिक, उपाध्यक्ष संस्कार उपस्थित रहे। शाखा ने स्थानीय सरकारी अस्पताल, उपमंडल अधिकारी नागरिक गन्नौर कार्यालय, डी.एस.पी. ऑफिस गन्नौर, स्थानीय थाना प्रभारी के सभी मुलाजिमों व कोरोना वॉरियर्स के साथ रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया।



**गन्नौर, हरियाणा मध्य : शाखा का रक्षाबंधन कार्यक्रम**

**राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश :** शाखा सदस्यों द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आर.के.जी.आई.टी. कॉलेज के सामने तीन स्थानों पर स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों एवं महिलाओं में 450 बिस्कुट के पैकेट का वितरण किया गया। वितरण में योगेश मित्तल, अनुराग अग्रवाल, विनोद मित्तल, यज्ञदत्त त्यागी, दीपेन्द्र गुप्ता, पूजा गुलेरिया की सराहनीय सहयोग रहा।

**मुजफ्फरनगर कीर्ति :** 'चलो चले सखी रंग बिरंगे परिधान में तीज का त्योहार मनायें' शाखा की महिला सदस्यों द्वारा मिर्च मसाला रेस्टोरेंट में हरियाली तीज उत्स्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रान्तीय महिला संयोजिका मोनिका शर्मा रहीं। शाखा अध्यक्षा शिखा भारद्वाज ने मुख्य अतिथि सहित सभी सदस्यों का स्वागत किया व तीज की बधाई देते हुए टीका पहनाई गई। सुदेश गर्ग द्वारा तीज पर्व क्यों मनाया जाता है व इसका क्या महत्व है इस पर सुन्दर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिल सदस्यों ने सावन के गीतों पर आकर्षक नृत्य किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की प्रशंसा की व सभी को तीज की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा की कोषाध्यक्ष प्रीति कंसल, महिला संयोजिका माधवी जैन, शशि सिंघल सहित अन्य महिला सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।



**मुजफ्फरनगर कीर्ति, हस्तिनापुर : शाखा की महिला सदस्यों द्वारा तीजोत्सव का आयोजन**

**अवध प्रदेश :** प्रान्तीय महिला संयोजिका मंजू सिंह के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला सदस्यों द्वारा बॉडर पर तैनात सैनिकों के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल राजीव शर्मा को राखियाँ भेजी गई। कार्यक्रम में परिषद् का परिचय कराते हुए कहा गया कि जब 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया था तब हमारी सेना के पास उचित हथियार तथा पर्याप्त वस्त्र नहीं थे। उस परिस्थिति से निपटने के लिए के.एस. करिअप्पा तथा लाला हंसराज गुप्ता के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स का गठन किया जिसके द्वारा सेना को मदद पहुँचाई गई। इससे उत्साहित होकर डॉ. सूरज प्रकाश ने जन मंच की

स्थापना की जो आज भारत विकास परिषद् के नाम से समाज सेवा कर रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी के तरफ से डॉ. सूरज प्रकाश, कुमारी सोनू शर्मा एवं एम.एस. गाइनी में उत्तीण होने वाली डॉक्टर नम्रता को भी सम्मानित किया गया। परिंडे पिक प्रतियोगिता में पूजा बंसल को विजेता मित्तल, निर्मला खारवाल, सोना बंसल उपस्थित रहीं। संयोजिका रश्मि भारद्वाज ने परिषद् में महिलाओं की भागीदारी के बारे में संक्षेप में



**सुभाष गंगापुर सिटी, राजस्थान पूर्व : शाखा द्वारा हरियाली तीज का आयोजन।**

के.एस. करिअप्पा तथा लाला हंसराज गुप्ता को श्रद्धांजलि करने का प्रयास है। इस अवसर पर रीजनल महिला एवं बाल विकास सचिव रूपम तिवारी, प्रान्त संरक्षक सत्येन्द्र सिंह, प्रान्तीय महासचिव सच्चिदानन्द श्रीवास्तव, प्रान्तीय संगठन मंत्री शैलेष अस्थाना, मंजू सिंह की उपस्थिति में राखियाँ सेना के अधिकारी को समर्पित की गई।

**भिवाड़ी, राजस्थान उत्तर पूर्व :** शाखा कि महिला सदस्यों द्वारा रीजेंसी होटल में तीज महोत्सव बड़े धूमधाम से सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर सावन के मधुर गीत, राजस्थानी नृत्य, बच्चों के लिए सरप्राइज गेम्स, लक्की ड्रा एवं अंत्याक्षरी आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रतिभा सम्मान के अन्तर्गत राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित घोषित कर पुरस्कृत किया गया। लक्की ड्रा के विजेता विजय बंसल रहे। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंगर, सचिव जे.के.शर्मा, वित्त सचिव मनोज सोनी, डॉ. नवनीता शर्मा, रीजनल सचिव महिला एवं बाल विकास, महिला प्रमुख सुनीता सोनी, कार्यक्रम की संयोजिका श्वेता जैन सहित सभी पूर्व दायित्वधारियों की उपस्थिति रही।

**सुभाष गंगापुर सिटी :** शाखा की महिला विंग द्वारा सावन महोत्सव के अन्तर्गत स्थानीय रूकमणी पैलेस में लहरिया उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगीता बोहरा द्वारा किया गया जिसमें शाखा की सभी महिलाएं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर गायत्री सिंहल, संजना उद्बोधन दिया। महिला प्रमुख चेतना शर्मा ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों ने गीतों की प्रस्तुतियाँ दी। मुख्य अतिथि ने सावन के महीने के महत्व के बारे में बताया कहा कि यह महीना शिव का प्रिय मास है। जिसमें शिव की पूजा की जाती है। गायत्री सिंह ने कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। संचालन अजय भारद्वाज ने किया। बालाकों में कुर्सी दौड करवाई गई।

**जावरा, मध्य भारत पश्चिम :** शाखा प्रति वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर तुलसी पौधा वितरण करती है। इस वर्ष भी पौधा वितरण किया गया जिसके अन्तर्गत 251 तुलसी पौधे एवं नीम, आम, जामून आदि प्रजातियों के 300 पौधे वितरित किये गये। ■

# हिन्दू आस्था की प्रतीक नौ देवियां

हिंदू आस्था का प्रतीक नवरात्रि पर्व का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर हवन, कीर्तन, मेले आदि का आयोजन होता है। नवरात्रि संस्कृत भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रात्रि'। यह पर्व नौ दिन तक मनाया जाता है और इसमें नौ देवियों का अलग-अलग रूपों में नौ दिन तक आस्थाभाव से विधि विधान पूर्वक पूजन किया जाता है तथा अलग-अलग वस्त्र धाराण कर पूजन करने का विशेष महत्व है।

## नौ देवियों के अलग-अलग रूप इस प्रकार हैं.....

**1. शैलपुत्री -** नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा की जाती है तथा इस दिन पीले वस्त्र धाराण कर पूजा तथा सफेद प्रसाद जैसे सांवा के चावल की खीर आदि के भोग का अधिक महत्व होता है। प्रजापति दक्ष की पुत्री सती ने स्वयं योगाग्नि में जलकर भस्म होने पर अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण शैलपुत्री कहलाई और भगवान शिव की अर्धांगिनी बनीं।



**2. ब्रह्मचारिणी -** नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन माता के ब्रह्मचारिणी रूप का पूजन होता है। इस दिन हरा वस्त्र धारण कर श्रद्धापूर्वक देवी का पूजन किया जाता है तो मातारानी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण करती हैं ब्रह्मचारिणी माता को लाल फल व मिठाई का भोग पसंद है। भगवान शंकर को अपने पति के रूप में पाने को कठिन तपस्या करने के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी कहते हैं। इनकी पूजा का फल कठिन संघर्षों में भी विचलित नहीं होने देता।



**3. चन्द्रघण्टा -** नवरात्रि के तीसरे दिन माता चन्द्रघण्टा की पूजा की जाती है। माता दुर्गा के इस स्वरूप का पूजन भूरे वस्त्र धारण करके सेव, अनार आदि लाल रंग के फल का भोग लगाकर किया जाता है तो माता रानी प्रसन्न होती है तथा माँ की कृपा से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। देवी का यह स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी माना जाता है। इस देवी के मस्तक पर घन्टे के आकार का अर्ध चन्द्रमा तथा शरीर स्वर्ण जैसा चमकीला है इसलिए माँ के इस स्वरूप को चन्द्रघण्टा कहते हैं। सिंह पर सवार देवी के इस स्वरूप के दस हाथ हैं जो समस्त कष्टों का नाश करने वाले हैं।



**4. कूष्माण्डा -** चौथी नवरात्रि के दिन माता कूष्माण्डा का पूजन होता है। इस दिन नारंगी वस्त्र धारण करके तथा नारंगी, संतरा, नीबू व नारंगी रंग की मिठाई के भोग के साथ पूजा करना अति शुभ माना गया है। देवी के इस स्वरूप की आठ भुजाएँ हैं। माता कूष्माण्डा सभी सिद्धियों और निधियों की दात्री है। इस देवी का सूर्यलोक के भीतर वास है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति व क्षमता देवी के इस शक्ति स्वरूप में है इस कारण देवी के इस स्वरूप की कान्ति और प्रभा सूर्य की भाँति ही दैदीप्यमान



है। यह देवी सुख-समृद्धि और उन्नति देने वाली है।

**5. स्कन्दमाता -** नवरात्रि के पाँचवे दिन दुर्गा माता के इस स्वरूप की पूजा



होती है। देवी के इस स्वरूप की पूजा सफेद वस्त्र धारण करके तथा पीले फल या पीली मिठाई के भोग के साथ पूजन करने से सुख शान्ति मिलती है तथा यह देवी मोक्ष के द्वार खोलने वाली है। यह देवी चार भुजाओं वाली है। दांयी तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए है तथा नीचे वाली भुजा में पुष्प है। बांयी तरफ ऊपर वाली भुजा में वरमुद्रा है तथा नीचे वाली भुजा में कमलपुष्प है। इस देवी का रंग एकदम शुभ्र है तथा केले के फल का भोग बहुत प्रिय हैं इनकी पूजा से सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

**6. कात्यायनी -** नवरात्रि के छठे दिन माता कात्यायनी कर श्रद्धा से पूजन होता है। इनका कात्य गौत्र के महर्षि से जन्म लेने के कारण इनका नाम कात्यायनी पड़ा। इनका वाहन सिंह है। माता कात्यायनी का पूजन गुलाबी रंग के भोग



रखकर करने से विवाह की बाधाएँ दूर होने के साथ-साथ रोग व भय से भी मुक्ति मिलती है। माता कात्यायनी दानवों एवं पापी जीवधारियों का नाश करने वाली है। देवी के इस स्वरूप ने महिषासुर एवं शुम्भ-निशुम्भ दानवों का वध किया। इनकी चार भुजाएँ एवं सिंह वाहन है।

**7. कालरात्रि -** सातवां दिन नवरात्रि में माता कालरात्रि का है। उस दिन काले पेय पदार्थ से अथवा नारियल का भोग लगाकर अपनी मनोकामनाएँ पूर्ण करने के लिए श्रद्धाभाव से पूजा की जाती है। कालरात्रि, शक्ति माता का रौद्र रूप है जिससे नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। काल रात्रि माता और काली



दोनों ही एक दूसरे के परिपूरक हैं देवी के इस रूप के पूजन से भी राक्षस, भूत, प्रेत, पिशाच और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है।

जब रक्त बीज देवताओं के वश मे नहीं आया था तो भगवान शिव के अनुरोध पर माता पार्वती ने स्वयं की शक्ति के संधान से कालरात्रि को पैदा किया तब रक्तबीज से युद्ध में रक्तबीज के रक्त को जमीन पर नहीं गिरने दिया बल्कि अपने मुँह में ले लिया तब दानव रक्तबीज का अन्त हुआ। माता पार्वती का यह रूप कालरात्रि कहलाया। इस देवी का वाहन गंदर्भ है।

**8. महागौर -** नवरात्रि में आठवें दिन देवी महागौरी की पूजा की जाती है।



भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त करने के लिए तप करते-करते इनका शरीर काला पड़ गया था तो भगवान शिव ने प्रसन्न होकर इनके शरीर को गंगा जल से धो कर कान्तिमय बना दिया, इस कारण यह देवी महागोरी कहलायी। देवी के इस स्वरूप की पूजा अमोध फलदायिनी है तथा इनकी पूजा से भक्तों के समस्त कष्ट दूर हो जाते है। इनका वाहन वृष है तथा चार भुजाएँ हैं। इन्हें श्वेताम्बरा भी कहा जाता है।

**9. सिद्धिदात्री -** नवरात्रि के नौवें दिन देवी के इस स्वरूप की विधि विधान और पूर्ण निष्ठा से पूजा करने पर देवी सभी प्रकार की सिद्धियाँ देने वाली है।



इनका वाहन सिंह है। देवी कमलपुष्प पर भी असीन होती है। नवदुर्गाओं में सिद्धिदात्री अन्तिम स्वरूप है।

मैं भी देवी दुर्गा के सभी स्वरूपों को श्रद्धा से नमन करता हूँ।

इति

*-देवेन्द्र देव मिर्जापुर,*
*शास्त्री नगर बुलन्दशहर*

# स्वास्थ्य सेवा के लिए तत्पर भारत विकास परिषद्



Badarpur, Assam : Branch organised covid vaccination camp.

**Patharkandi, Assam:** Branch organised Kovid:19 vaccination camp at Kanai Bazar L.P. School. After congratulating the medical team and police personnel in the camp, vaccination was started under which 162 people got first dose and 81 people got second dose.

**Badarpur :** The branch organized a COVID-19 vaccination camp at Maharishi Sandipan Vidyapeeth, Badarpur. In which a total of 158 people were administered the first and second doses. Refreshments were provided to all paramedical staff and security personnel. After the successful completion of the camp, the council took the responsibility of sanitizing the school premises.

**पटना, दक्षिण बिहार :** भारत विकास एवं संजय आनन्द विकलांग अस्पताल में 127वें पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित की गई जिसमें लगभग 28 मरीजों की शल्य चिकित्सा एवं प्लास्टर डॉ. ललित किशोर एवं उनकी टीम द्वारा की गई। शिविर का प्रायोजन डॉ. एच.एल.संथालिया एवं उन्ही धर्मपत्नी उर्मिला संथालिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर 11 दिव्यांग मरीजों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किया गया। इस आयोजन में प्रसिद्ध समाजसेवी शिव कुमार पोद्दार एवं उनके परिवार का अतुलनीय योगदान रहा। सभी मरीजों को केशरी देवी अग्रवाल, पूनम केजरीवाल तथा अन्य समाजसेवी द्वारा बिस्कुट, फल एवं जूस वितरित किया गया। अस्पताल के महामंत्री बिमल जैन द्वारा डॉ. संथालिया एवं उनकी पत्नी को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर अभिनन्दन किया गया।

**Shree Jagannath Dham-**

**Puri, Odisha East :** Branch organised Voluntary Blood Donation Camp at GAM, Puri on the eve of 75th Independence Day. The camp was inaugurated by Hon'ble Minister Ranendra Pratap Swain, local MLA, District Parishad President, DM, SP, ADM, District Parishad were present in Shivri. 83 units of blood were collected during the day.

**Chandigarh North-2, Chandigarh :** The branch organized a free medical camp at SEZ Medicine, Sector Mohali on the occasion of 75th Independence Day. 110 patients from the camp availed path lab tests, X-ray/ultra sound facilities and general check-up. An expert team of 8 doctors rendered their services in the camp. Adviser of the branch Subhash Goyal and S.C. Agrawal Treasurer was present on this occasion.

**Patiala, Punjab East :** The branch organized a blood donation camp following the Kovid guide line. Local people, including branch members, enthusiastically donated blood in the camp. The team of doctors collected around 70 units of blood. As the chief guest S. Palwinder Singh Cheema SP. Traffic Stay Patiala was present.

**जगाधरी, हरियाणा उत्तर :** कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीनेशन ही एक मात्र विकल्प है। सभी को कोरोना की वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शाखा ने स्थानीय बस स्टैंड के सामने कोरोना वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया जिसमें कुल 220 लोगों को पहली एवं दूसरी दोनों डोजेस लगाई गई। शिविर में परिषद् के सभी गणमान्य अधिकारियों ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में शाखा अध्यक्ष रणधीर गर्ग, कोषाध्यक्ष अरविन्द सिंगला, सचिव विवेक तायल व सदस्यों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीनेशन ही एक मात्र विकल्प है। सभी को कोरोना की वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए।**

**नारनौल, हरियाणा दक्षिण :** शाखा के तत्वावधान में बस स्टैंड के पास स्थित यादव धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश यादव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री हरियाणा सरकार रहे और अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान मानवता को समर्पित एक अनूठा यज्ञ है जिसकी आहुति सेवा की अनूठी खुशबू फैलाती है। रक्तदान किसी दमतोड़ते हुए व्यक्ति को जीवन प्रदान करने का कार्य है। मुख्य अतिथि ने आपने सरकारी कोष से भारत विकास परिषद् ट्रस्ट को रुपये पाँच लाख की अनुदान राशि देने की घोषणा की। शिविर में सामान्य अस्पताल और जिला रेड क्रास सोसाइटी के सहयोग से कोविड के नियमों का पालन करते हुए 53 यनिट रक्त एकत्र किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गये। प्रान्तीय अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सेवा प्रकल्प में रक्तदान जैसी योजनाएँ मानवता को समर्पित करते हुए रखी गई है।

**झाँसी मुख्य, बुन्देलखण्ड :** परिषद् स्थापना दिवस के अवसर पर प्रान्तीय अध्यक्ष अजय कुमार इटोरिया के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय सिविल हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मजबूत सिंह राजपूत एवं डी.पी. कुटार उपस्थित रहे। कोरोना संक्रमण के विपरित परिस्थितियों रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं रक्तदान किया। कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय शाखा दायित्वधारियों सहित सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

**रायबरेली, अवध प्रदेश :** परिषद् द्वारा प्रस्तावित एक शाखा एक गाँव के अन्तर्गत शाखा संयोजक आशुतोष जौहरी ने दरीबा ग्राम को चयनित किया। शाखा द्वारा ग्राम में वृक्षारोपण एवं विद्यालय के प्रांगण में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.आर.बी.श्रीवास्तव, प्रान्तीय अध्यक्ष अमरीश अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष राकेश मिश्रा, निवर्तमान अध्यक्ष नवल




**ब्यावर, राजस्थान मध्य : शाखा का रक्तदान शिविर**

किशोर बाजपेई, सचिव राजाराम मौर्य तथा एम.एस.पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक प्रभात चौधरी उपस्थित रहे। चिकित्सा शिविर में डॉ.रवि मिश्रा, डॉ. एस.सी. द्विवेदी, डॉ. एल.पी. पाण्डेय, डॉ. मनोज जायसवाल एवं डॉ. जे.पी. श्रीवास्तव द्वारा 300 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षक कर निःशुल्क दवा वितरित की गई। गाँव वासियों के सहयोग से 213 पेड़ों का रोपण किया गया। डॉ. आर.बी.श्रीवास्तव ने परिषद् के पाँच सूत्रों पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि व प्रबंधक का बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

**ब्यावर, राजस्थान मध्य :** आजादी के 75वां स्वतंत्रता दिवस को देश ने अमृत महोत्सव के रूप में मनाया। इस शुभ अवसर पर शाखा ने कोरोना गाईड लाईन का पालन करते हुए अग्रवाल फतेहपुरिया बगीची, अजमेर में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय रक्त कोष विभाग की टीम ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 71 यूनिट रक्तदान हुआ। एवं 155 ने जरूरत पड़ने पर रक्तदान के लिए पंजीयन करवाया। पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय प्रोजेक्ट वाइस चेयरमैन सम्पर्क ब्रह्मानन्द पेशवानी द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया गया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रकल्पों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदान मानव जीवन में सबसे बड़ा दान है। परिषद् द्वारा रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में परिषद् सदस्यों सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ■

# कविता

## टोक्यो ऑलंपिक फाइनल प्रतियोगिता से ठीक पहले नीरज चोपड़ा और उसके भाले के बीच हुआ संवाद

देखो मित्र, ऐसा काम न करना कि,
मेरे माँ बाप के आँख में नीर आ जाएं,
कुछ ऐसा करना कि,
देशवासियों की आँख में खुशी के नीर आ जाएं,
याद रखना तुम अर्जुन के तीर हो,
भीम की गदा की टंकार से,
जमीन से निकला नीर हो।

भाले ने हामी से सिर हिलाया,
उसने मित्रता का फर्ज निभाया,
अंततः अपने सभी भाले मित्रों में,
खुद को अग्रणी पाया।

नीरज के भाल पर सजी दोनों आँखें गर्व से मुस्कराई,
भाले के द्वारा निभाए गए वादे पर इठलाई।

पूरा देश आज फूला नहीं समाया है,
देश का लोहा आज विदेश से स्वर्ण लाया है।

*-डॉ. सत्येन्द्र मित्तल, प्रो. आई.आई.टी.*
*रुड़की (उत्तराखण्ड)*



# "श्राद्ध–पितृ पक्ष"

प्रति वर्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से श्राद्ध आरम्भ होते हैं एवं आश्विन माह की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक चलते हैं। ऐसा माना जाता है कि इन दिनों पूर्वजों को जो अर्पण किया जाता है, वे उसे ग्रहण करते हैं। ऐसा विधि विधान से करने से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और घर में सुख समृद्धि आती है। हमारे यहाँ अच्छी बातों को धर्म के साथ जोड़ दिया जाता है, जिससे लोग उसका पालन आसानी से कर लेते हैं।

वास्तव में श्राद्ध का अर्थ पूर्वजों के प्रति श्रद्धा दिखाना है। उनके नाम पर पूजा करके ब्राह्मण भोज कराया जाता है। दान दक्षिणा भी दी जाती है। यह सब करना अच्छी बात है। किन्तु कुछ लोग बुजुर्गों का जीते जी आदर सत्कार नहीं करते, उनकी सेवा नहीं करते, फिर उनके मरने के बाद यदि वे विधि विधान से श्राद्ध करें, तो उस का कोई महत्व नहीं रह जाता।

श्राद्ध में पंचबलि (पाँच जीवों को भोजन) देने की परंपरा है। इनमें एक काक बलि अर्थात कौए को भोजन कराना है। असल में जब पीपल एवं वटवृक्ष के फल कौवे खाते हैं तो उनके पेट में ही बीज उगने लायक होते हैं। कौवे जहां-जहां बीट करते हैं, वहाँ वहाँ ये दोनों पेड़ उगते हैं। अतः पर्यावरण के लिये अत्यन्त आवश्यक इन दोनों पेड़ों के लिये कौओं को बचाना बहुत आवश्यक है। मादा कौआ भादो महीने में अंडा देती है। काक बच्चों को भी पौष्टिक और भरपूर आहार मिले, इसके लिए ऋषि- मुनियों ने हर आंगन या छत पर उनके लिये पौष्टिक आहार की व्यवस्था की ताकि कौवों की नई पीढ़ी का पालन पोषण ठीक से हो सके। हमारे ऋषि मुनि कितनी दूरदृष्टि वाले और पर्यावरण प्रिय थे।

कुछ लोगो का मत है कि कौआ यमराज का प्रतीक है, यदि कौआ श्राद्ध का भोजन ग्रहण कर लेता है तो आपके पितृ आपसे प्रसन्न और तृप्त माने जाते हैं, यदि कौआ भोजन नही करता है तो इसका अर्थ है आपके पितृ आपसे नाराज और अतृप्त हैं।

15 दिन के बाद 16 वे दिन यानि अमावस्या को सभी पितरो को जल पिलाकर, भोजन देकर तृप्त किया जाता है, कई हिन्दू परिवार अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए विशेष हवन भी करवाते है। इस दौरान गरीबों को भोजन कराकर कुछ उपहार स्वरूप भी दिया जाता है। श्राद्ध सही तिथि को करने से पूर्वज प्रसन्न रहते हैं और घर में सुख शांति बनी रहती है।

*मधु मित्तल*

# MATTA AND ASSOCIATES

## Chartered Accountants

308, R.G.Trade Tower, Netaji Shubhash Place,
Pitam pura, New Delhi-110034

## INDEPENDENT AUDITORS REPORT

To The Management,
BHARAT VIKAS PARISHAD, DELHI

**Report on the Financial Statements**

We have audited the accompanying consolidated financial statements of BHARAT VIKAS PARISHAD registered under the Societies Registration Act. 1860, which comprise the Consolidated Balance Sheet as at March 31, 2021 and Consolidated Statement of Income & Expenditure Account (Head Office Accounts audited by us and all the Prant Accounts audited by prant auditors) for the year ended and a summary of significant accounting policies and other explanatory information.

**Management Responsibility for the Financial Statement**

Management is responsible for the preparation and fair presentation of these financial statements that give a true and fair view of the financial position, financial performance in accordance with the Accounting Principles generally accepted in India. This responsibility includes the design, implementation and maintenance of internal control relevant to the preparation and presentation of the financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

**Auditor's Responsibility**

Our responsibility is to express an opinion on these consolidated financial statements based on our audit. We conducted our audit in accordance with the Standards on Auditing issued by the Institute of Chartered Accountants of India. Those Standards require that we comply with ethical requirements and plan and perform the audit to obtain reasonable assurance about whether the financial statements are free from material misstatement.

An audit involves performing procedures to obtain audit evidence about the amounts and disclosures in the financial statements. The procedures selected depend on the auditor's judgment, including the assessment of the risks of material misstatement of the financial statements, whether due to fraud or error. In making those risk assessments, the auditor considers internal control relevant to the societies preparation and fair presentation of the financial statements in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances. An audit also includes evaluating the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of the accounting estimates made by management, as well as evaluating the overall presentation of the financial statements.

We believe that the audit evidences we have obtained are sufficient and appropriate toprovide a basis for our unqualified audit opinion.

**Basis for Opinion:**

Opinion

In our opinion and to the best of our information and according to explanation given to us, the Consolidated financial statements give the information required in the manner so required and give true and fair view in conformity with the accounting principles generally accepted in India:

(a) In case of Balance Sheet, of the state of affairs of the Society as at March 31, 2021; and

(b) In case statement of Income & Expenditure, of the Surplus for the year ended on that date;

**Report on Other Legal and Regulatory Requirements:**

We report that:

(a) We have obtained all the information and explanation, which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit.

(b) In our opinion, proper books of accounts as required by the law have been kept by the Society so far as it appears from our examination of the books.

(c) In our opinion, the Consolidated Balance Sheet and statement of Income & Expenditure Account dealt with by the report complies with the Accounting Standards issued by the Institute of Chartered Accountants of India.

(d) The Consolidated Balance Sheet and statement of Income & Expenditure Account dealt with by this Report are in agreement with the books of accounts.

For **MATTA AND ASSOCIATES**
Chartered Accountants
Anil Matta
(Partner)
Membership No: 084835

Place: DELHI
Date: 12-08-2021
Udin No. 21084835AAAADW8430
FRN No: 004259N

## BALANCE SHEET FOR THE FINANCIAL YEAR ENDED AS ON 31 MARCH, 2021

| LIABILITIES | | | ASSETS | | |
|---|---|---|---|---|---|
| PARTICULARS | CURRENT YEAR ₹ | PREV. YEAR ₹ | PARTICULARS | CURRENT YEAR ₹ | PREV. YEAR ₹ |
| **CORPUS FUND** | 6,08,45,322 | 5,62,33,338 | **FIXED ASSETS** | 2,23,84,047 | 2,18,82,995 |
| **RESERVE & SURPLUS** | 6,76,03,052 | 5,42,69,055 | **INVESTMENTS** | 12,88,60,495 | 11,29,95,073 |
| **Earmarked & Other Funds** | 5,11,59,585 | 5,02,01,587 | **CURRENT ASSETS** | 10,31,452 | 48,27,611 |
| **CURRENT LIABILITIES** | 15,56,953 | 44,56,746 | **Cash & Bank Balances** | 2,88,88,918 | 2,54,55,047 |
| **TOTAL ₹** | **18,11,64,912** | **16,51,60,726** | **TOTAL ₹** | **18,11,64,912** | **16,51,60,726** |

As per report of even date
**For Matta & Associates**
Chartered Accounts

**For Bharat Vikas Parishad**

**Sd/-**
Anil Matta (Partner)
Membersship No. 084835
Udin No. 21084835AAAADW8430

**Sd/-**
Gajendra Singh Sandhu
National President

**Sd/-**
Shyam Sharya
National Secretary General

**Sd/-**
CA Sampat Khurdia
National Finance Secretary

Place : New Delhi
Date : 12-08-2021

Place : New Delhi
Date : 12-08-2021

## INCOME & EXPENDITURE ACCOUNT FOR THE FINANCIAL YEAR ENDED 31 MARCH, 2021

| EXPENDITURE | | | INCOME | | |
|---|---|---|---|---|---|
| PARTICULARS | CURRENT YEAR ₹ | PREV. YEAR ₹ | PARTICULARS | CCURRENT YEAR ₹ | PREV. YEAR ₹ |
| Expenditure on Charitable Projects | 3,54,68,134 | 1,39,34,621 | Contribution from members | 2,80,39,000 | 2,77,25,366 |
| Educational literature exp. | - | 19,48,848 | Membership fee | 19,400 | 51,200 |
| Salary to employees | 31,39,942 | 31,40,583 | Affiliation fee received | 2,13,600 | 2,13,000 |
| Meeting/Conference exp. | 33,17,073 | 55,12,123 | Donations | 3,36,28,379 | 1,11,87,785 |
| Electricity & Water expenses | 5,39,988 | 5,94,453 | Literature receipts | - | 23,67,00 |
| Travelling expenses | 11,45,008 | 49,96,658 | Bank interest on : | | |
| Telephone expenses | 50,296 | 50,699 | Fixed deposits | 18,77,600 | 14,45,732 |
| Niti printing expenses | 21,87,892 | 45,47,663 | Savings Accounts | 8,07,614 | 7,35,783 |
| Niti distribution exp. | 3,79,440 | 8,72,430 | Intt. on Income tax refund | 6,765 | 1,38,320 |
| Postage & Courier | 62,926 | 1,38,733 | Income tax refund | 6,77,555 | 13,88,731 |
| Printing & Stationery expenses | 3,91,627 | 11,23,557 | Contribution towards | | |
| Professional fees | 17,665 | 24,000 | conference from members | | 11,87,642 |
| Audit fee | 1,11,450 | 92,580 | | | |
| Conceyance expenses | 34,206 | 1,92,804 | | | |
| Advertisement expenses | 66,278 | 3,63,390 | | | |
| Office maintenance expenses | 11,21,616 | 5,69,019 | | | |
| Miscellaneous expenses | 34,207 | 54,450 | | | |
| Property tax | 82,560 | 82,545 | | | |
| Repair & Maint. expenses | 8,23,603 | 2,50,761 | | | |
| Depreciation | 10,57,380 | 10,44,524 | | | |
| Income tax paid | 5,62,067 | 6,89,899 | | | |
| Transfer to General Reserve | 50,00,000 | - | | | |
| Surplus of the year | 96,76,555 | 62,16,219 | | | |
| **Total ₹** | **6,52,69,913** | **4,64,40,559** | **Total ₹** | **6,52,69,913** | **4,64,40,559** |

**For Matta & Associates**

**Sd/-**
Anil Matta (Partner)
FRN-004259N
Membersship No. 084835
Udin No. 21084835AAAADW8430
Place : New Delhi
Date : 12-08-2021

**For Bharat Vikas Parishad**

**Sd/-**
Gajendra Singh Sandhu
National President

**Sd/-**
Shyam Sharya
National Secretary General

**Sd/-**
CA Sampat Khurdia
National Finance Secretary

Place : New Delhi
Date : 12-08-2021

# Bharat VikasParishad

Schedules to accounts for the financial year ended as on 31st March, 2021

**Significant Accounting Policies**

A. **Basis of accounting and preparation of financial statements:** The financial statements are prepared under the historical cost convention, on the accrual basis and in accordance with accounting principles generally accepted in India for the charitable trusts. The Accounts of all the Prants which are part of Bharat VikasPrishad are merged along with Audited accounts of central office in this Accounts.

**B.** **B. Corpus Fund: -** TheParishad had created two funds namely (a) VikasRatan (b) VikasMitra for the long term specific charitable activities where only interest will be used. All the donors who have donated for these specific purposes fund only are included and applicable interest amount is added and any expenditures are debited to these funds, As being Long term capital natures these are directly taken to balance sheet

**B.** **Fixed Assets and Depreciation :** Fixed assets are stated at historical cost less accumulated depreciation and impairment losses, where applicable. Bharat VikasParishad capitalizes all costs relating to the acquisition and installation of fixed assets. Cost comprises the purchase price and any attributed cost of bringing the asset to its working condition for its intended use. Depreciation on assets is provided on the written down value method at the following rates based on the management's estimate of the useful life of the asset.

**Asset Category Depreciation**

| | |
|---|---|
| Furniture and fittings | 10% |
| Computer | 40% |
| Software | 25% |
| Building | 5% |
| Air-Conditioner | 15% |
| Misc. Fixed Assets | 15% |

Asset individually costing less than Rs. 5000/- added during the year are fully depreciated.

**C.** **Revenuerecognition :** Revenue is recognized to the extent that it is probable that the economic value will flow to Bharat VikasParishad and the revenue can be reliably measured. Income has been recognized on accrual basis except donations, contribution from members, where income recognized on receipts basis.

**D.** **Investments :** Long-term investments are fixed deposits with scheduled nationalized banks are stated at amount invested.

**E.** **Taxes on Income:** The income tax payable for current financial year is NIL determined in accordance with the provisions of income tax act, 1961 as applicable to Charitable Trusts.

**F. Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets :** Provisions are recognized only when Bharat vikasParishad has present or legal or constructive obligation as a result of past events for which it is probable that an outflow of economic benefit will be required to settle the transaction and a reliable estimate can be made for the amount of the obligation.

Contingent Liability is disclosed for (i) Possible obligation which will be confirmed only by future events not wholly within the control of Bharat VikasParishad or (ii) Present obligation arising from past events where it is not probable that an outflow of resources will be required to settle the obligation or a reliable estimate of the amount of the obligation cannot be made. Contingent assets are not recognized in the financial statements since this may result in the recognition of income that may never be realised.Thecontigent liability on account of gratuity of staff will be accounted on cash basis as and when it is applicable.

**G. Foreign Currency Transactions:** Transaction in foreign currencies is accounted at the exchange rates prevailing on the date of the transaction and the realized exchange loss/gain is dealt with in the statement of income & expenditure. Following contribution was received in Foreign Currency during the year.

| **Particulars Amount** | **(Rs.)** |
|---|---|
| Viklang Sahayata Yojna | 97,690/- |

H. Previous Year's figure have been regrouped and recast wherever considered necessary, So as to make them comparable with previous year figures.

As per our Report of even date attached
For Matta & Associates
Chartered Accountants
Firm No. 004259N

For Bharat VikasParishad

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sd/- | Sd/- | Sd/- | Sd/- |
| CA Anil Matta | Gajendra Singh Sandhu | Shyam Sharma | CA SampatKhurdia |
| Partner | President | Secretary General | Finance Secretary |
| MRN : 084835 | | | |
| UdinNo. 21084835AAAADW8430 | | | |

Place : New Delhi
Date : 12-08-2021

Place : New Delhi
Date : 12-08-2021



**Chandigarh North-II : Branch felicitated and awarded to teachers & students.**

**रांची मध्य, झारखण्ड :** शाखा ने पौधारोपण अभियान के अन्तर्गत सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल में पौधारोपण किया। इस अवसर पर डॉ. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे रक्षक हैं, प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगानी चाहिए। इस अवसर पर शाखा सचिव डॉ. कुमुदकला मेहता, प्राचार्य गिरीश मुखर्जी, विजय माथुर, जी.पी. सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**धनबाद मुख्य :** शाखा द्वारा सम्पन्न बाल विकास संस्कार सप्ताह के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह यशोमती श्री विद्या निकेतन, झरिया के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में पूर्णिमा नीरज सिंह, विधायक, मुख्य अतिथि, वरिष्ठ सदस्य योगेन्द्र तुल्सयान, बाल विकास एवं महिला सहभागिता के रीजनल सचिव अरुणा भागनिया, शाखा संयोजिका साधना सूद एवं विद्यालय के प्रिंसिपल आदि उपस्थित रह कर विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। शाखा अध्यक्ष संजय जैन ने सभी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। समारोह में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मदद के लिए अरुणा भगानिया ने रुपये 2000/- की सहायता राशि प्रदान किया।

दुमका, झारखण्ड : शाखा की महिला सहभागिता संगीता सिन्हा और अध्यक्ष भारती गर्ग की देखरेख में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं एवं किशोरियों ने आकर्षक एवं सुन्दर मेहंदी लगाकर कला का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में शाखा दायित्वधरियों सहित सदस्यों की सहभागिता रही।

**मुजफ्फरपुर, उत्तर बिहार :** शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह के तरह ऑनलाइन विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, फैंसी ड्रेस, पेंटिंग, गायत्री मंत्रोच्चारण में बच्चों ने उत्साह पूर्ण भाग लिया। सभी विजेता प्रतिभागियों को गरीब स्थान रोड स्थित सभागार में प्रान्तीय अध्यक्ष अमरनाथ प्रसाद, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सत्येन्द्र कूमार, भुवनेश्वर वर्मा, अजीत सिन्हा, संयोजिका आशा सिन्हा द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

**कोलकता, पश्चिम बंगाल :** कोलकता मुख्य एवं युवा गलैक्सी शाखा के तत्वावधान में केस्टोपुर, कोलकता में आशा विल्ला अपार्टमेंट के निवासियों की उपस्थिति में राष्ट्र के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राजीव कुमार बिलोटिया द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह में उपस्थित सदस्यों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही महिलाओं और

बच्चों के लिए राष्ट्र से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा संस्थापक सदस्य घनश्याम सुगला ने की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिदानन्द पांडा ने भी अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की। समारोह के सफल आयोजन में नंनलाल सिंघानिया, सिद्धार्थ जैन, अनुजा अग्रवाल, दीपक छापरिया, भुवन अग्रवाल सहित सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

**Chandrashekharpur-Bhubaneswar, Odisha East:** Branch supplied grocery items amounting Rs.4,000/-. to Anand Ashram, Damana. and Rs. 6,000/- to Adruta Children Home. The branch also organized Tree Plantation program at Balunga village, in which 500 saplings were distributed.

**अमृतसर मेन, पंजाब उत्तर :** शाखा द्वारा नानिष बहल की अध्यक्षता में आर्य समाज सनीयिर सेंकेडरी स्कूल कटरा मोतीराम लोहगढ़ में तीजोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अनीता मेहरा हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए कहा कि भारत विकास परिषद् एक समाजसेवी संस्था है उनके द्वारा किए गए ऐसे कार्यक्रम बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने ने उपस्थित सभी को तीज त्योहार की बधाई देते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपना योगदान देकर देश की उन्नति में योगदान देना चाहिए। शाखा द्वारा आर्य समाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल को रुपये 21000/- की राशि का चेक दिया गया, जिससे जरूरतमंद बच्चों की फीस व किताबें ले सकेंगे। इस अवसर पर समित पुरी, मिलक राज महाजन, जे.एस.नागपाल व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**North-2, Chandigarh:** Branch honored to Anuradha

**शाखा द्वारा नानिष बहल की अध्यक्षता में आर्य समाज सनीयिर सेंकेडरी स्कूल कटरा मोतीराम लोहगढ़ में तीजोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अनीता मेहरा हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए कहा कि भारत विकास परिषद् एक समाजसेवी संस्था है उनके द्वारा किए गए ऐसे कार्यक्रम बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करते हैं।**

Gupta, Headmistress of GMHS-22C Chandigarh on joining as Head after her promotion. Along with Sunita Kapoor, Headmistress was also honored on her retirement after dedicating her services and excellent performance in school. On this occasion 22 students were felicitated for their "3R" projects (Refuse,Reuse and Recycle) as well as Sunita Sharma, teacher and 12 students for several talent projects. On this occasion, Subhash Goyal, SP Malhotra , Dr. Promila, Kakkar, Kamal Kansal and S. C. Agrawal were present on the occasion. Chandigarh South 1: Branch celebrated "Van Mahotsav" by planting 50 medicinal plants in Sector 48C. Ex. mayor and area councilor Davesh Moudgil graced the occasion as chief guest. Ajay Singla, PK Sharma, and Bhupinder Kumar were present in the program. Chief guest highlighted the importance of trees. He assured unconditional cooperation to make the area pollution free. Ashok Goel assured that Bharat Vikas Parishad would plant 1000 saplings in the area during the current year. Branch also distributed books and notebooks to poor students of Government Senior Secondary School and Government High School Karsan.

**अभिमन्यु करनाल :** कोरोना महामारी से बचने के लिए बैक्सीनेशन एक मात्र विकल्प है। इसी को ध्यान में रखते हुए शाखा ने सनातन धर्म मंदिर में चार वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया जिसमें 18 से 44 एवं 45 वर्ष से ऊपर

के 994 लोगों को वैक्सीन की पहली एवं दूसरी डोज लगाई गई। परिषद् स्थापना दिवस पर सार्वजनिक स्थानों पर मास्क एवं सैनीटाइजर का वितरण किया गया।

**Panchkula, Haryana North :** The branch organized a mega camp for vaccination of all sections in view of the threat of COVID pandemic and civil society with state-of-the-art facilities. The team from Government Civil Hospital, Sector-6, Panchkula provided all technical support. 146 people benefited from the camp.The vaccinated were given a bottle of mineral water, a packet of sanitizer along with stitched bags.The branch distributed 26 sets of books to the needy students of class IXth to 12th in various schools. In this sequence 32 sets were distributed to the students of Gurukul, Laxmi Bhawan, Mata Mansa Devi. The Principal and Faculty of Schools along with office bearers of the Council and other members participated in large numbers in this program.

**विवेकानन्द गुरुग्राम, हरियाणा दक्षिण :** भारत विकास परिषद् के पाँच सूत्रों में एक प्रमुख सूत्र है 'सम्पर्क'। किसी भी संस्था के विस्तार और प्रसार-प्रचार में सम्पर्क की जरूरत होती है। इसलिए परिषद् द्वारा समय-समय पर सदस्यों एवं उनके परिवार में आपसी प्रेम, सहयोग और सम्पर्क को सुदृढ़ करने के लिए परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। शाखा ने हरियाली तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। दीप प्रज्जवलन के उपरान्त रामकिशन गोयल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए परिषद् का परिचय दिया और बताया कि तीज का त्योहार महिलाओं को विशेष प्रिय होता है, अतः महिला सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों एवं बच्चों द्वारा खेलों व गीतों में प्रतिभाग किया गया जिसमें विजयी सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। शाखा के नए सदस्यों का परिचय भी कराया गया। शम्मी अहलावत ने उपस्थित सभी महिलाओं एवं पुरुषों में मास्क का वितरण किया। कार्यक्रम में शाखा दायित्वधारियों सहित अन्य महिला सदस्यों की उपस्थिति रही।

**भारत विकास परिषद् के पाँच सूत्रों में एक प्रमुख सूत्र है 'सम्पर्क'। किसी भी संस्था के विस्तार और प्रसार-प्रचार में सम्पर्क की जरूरत होती है। इसलिए परिषद् द्वारा समय-समय पर सदस्यों एवं उनके परिवार में आपसी प्रेम, सहयोग और सम्पर्क को सुदृढ़ करने के लिए परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।**

**उत्तराखण्ड पश्चिम :** प्रान्त द्वारा तीन दिवसीय नवरंग संस्कारशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रान्त की महिलाओं एवं बच्चों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में डॉ. माधवी गोस्वामी ने देहरादून की आरुषि यादव को आईएएस परीक्षा में 10वीं रैंक प्राप्त करने पर 'प्रान्त की बेटी' सम्मान से सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश शर्मा, राष्ट्रीय चेयरपर्सन, महिला एवं बाल विकास, प्रकल्प के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. शिप्रा धर, डॉ. दिव्या लहरी एवं अतिथि के रूप में सविता कपूर, डॉ. सुधा रानी पाण्डे (पूर्व कुलपति संस्कृत महाविद्यालय), डॉ. रजत अग्रवाल, सुबास चन्द्र सतपथी, प्रान्तीय वित्त सचिव, जे.के. मोंगा, महासचिव एवं सभी शाखाओं की महिला सदस्य उपस्थित रहीं। संचालन प्रान्तीय महिला संयोजिका मनीषा सिंगल एवं अन्नपूर्णा बदौनी ने किया। प्रान्तीय अध्यक्ष ब्रज प्रकाश गुप्ता ने कहा कि तीनों दिन अलग-अलग थीम पर कार्यक्रम सम्पन्न हुए। पहला दिन 'इन्द्रधनुष' कार्यक्रम में 'संस्कृति के रंग', द्वितीय दिन 'मुस्कान' कार्यक्रम में 'मैं और मेरा परिवार' एवं तृतीय दिन 'बगिया के फूल' कार्यक्रम में 'देशभक्ति पर्यावरण संरक्षण और फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता' आयोजित की गई। पहले एवं तीसरे दिन मेहंदी लगी हाथ कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने मेहंदी लगाकर तीजोत्सव मनाया।

**अविरल गंगा रुड़की :** शाखा द्वारा केन्द्रीय विद्यालय में 'गुरु वन्दन छात्र अभिनन्द' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम देने वाले

सात शिक्षकों को 'अविरल उत्कर्ष' सम्मान एवं छात्रों को प्रेरक पुस्तकें व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष मधुर जैन ने प्रकल्प की विशेषता पर प्रकाश डाला। संरक्षक डॉ. सत्येन्द्र मित्तल ने परिषद् के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गुरु शिष्य संबंध ओर शिक्षा नीति पर अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य विपिन त्यागी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से शिक्षकों और छात्रों में प्रेरणा का संचार होता है। कार्यक्रम में शिक्षकों सहित सदस्यों की सराहनीय उपस्थिति रही।

**रामपुर, रुहेलखण्ड पश्चिम :** कोरोना महामारी के कारण परिवार की जीविका चलाने वाला मखिया काल ग्रस्थ हो गया है ऐसे परिवारों की सहायता के लिए भारत विकास परिषद् प्रतिबद्ध है। इसी के अन्तर्गत परिषद् की शाखाओं ने ऐसे परिवार के बच्चों को स्वालम्बी बनाने के लिए गोद लेने का कार्यक्रम शुरु किया है। इसी क्रम में परिषद् की शाखा रामपुर ने दो निर्धन कन्याओं को गोद लेकर उनकी पढाई लिखाई का खर्चा प्रदान किया। इन दोनों छात्राओं को लगतार जबतक आवश्यकता होगी इस प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर माधव गुप्ता, संरक्षक, रविन्द्र गुप्ता अध्यक्ष, उमेश रस्तोगी सचिव, संजीव अग्रवाल कोषाध्यक्ष एवं महिला संयोजिका पुष्पा गुप्ता सहित गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**अन्नपूर्णा आगरा, ब्रज प्रान्त :** शाखा का प्रथम अधिष्ठापन एवं दीक्षा ग्रहण समारोह होटल क्लार्क्स शिवराज आगरा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. तरुण शर्मा ने कहा कि 'सेवा और संस्कार' भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण तथ्य हैं। जहाँ 'सेवा' से राष्ट्र को तात्कालिक लाभ होता है वहीं 'संस्कार' से राष्ट्र व समाज का दीर्घकालिक व स्थाई लाभ होता है। उन्होंने कहा कि शाखा अपने स्थापना के बाद से ही निरन्तर सेवा और संस्कार के प्रकल्पों द्वारा राष्ट्र व समाज सेवा में संलग्न है। उन्होंने अपील किया की

**कोरोना महामारी के कारण परिवार की जीविका चलाने वाला मखिया काल ग्रस्थ हो गया है ऐसे परिवारों की सहायता के लिए भारत विकास परिषद् प्रतिबद्ध है। इसी के अन्तर्गत परिषद् की शाखाओं ने ऐसे परिवार के बच्चों को स्वालम्बी बनाने के लिए गोद लेने का कार्यक्रम शुरु किया है।**

विभिन्न संस्थाओं को अपने सेवा कार्यों के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के मूल तत्व व संस्कारों का भी समावेश करते हुए भावी पीढ़ी में संस्कारों के बीज रोपने का प्रयास करना चाहिए। मुख्य वक्ता आगरा डीजीपी एवं राष्ट्रीय प्रकल्प सदस्य बसंत गुप्ता ने कहा कि हर एक को **अपने जीवन के चार ऋण :** देव ऋण, ऋषि, पितृ ऋण एवं मानव ऋण चुकाने का प्रयास करना चाहिए। इन ऋणों को चुकाने के लिए भारत विकास परिषद् बहुत ही महत्वपूर्ण और सुगम माध्यम है। राष्ट्रीय चेयरमेन प्रकल्प डॉ. केशव दत्त गुप्ता ने अपने उद्बोधन में चार वेदों के सार का जिक्र करते हुए कहा कि 'दुख बांटे तो दुख हो और सुख बांटे तो सुख हो। इसलिए हम सभी को समाज में दुख व कष्ट खत्म करने के लिए यथा संभव प्रयास करने चाहिए। शाखा संरक्षक समाजसेवी नेमकुमार जैन ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द की कही एक-एक बात हमें उर्जा से भर देती है। प्रान्तीय अयक्ष प्रमोद सिंघल ने कहा कि नैतिक मूल्यों के पतन के कारण समाज में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार, नैतिकता का अभाव व आचरण में आई गिरावट का सुधार केवल भारतीय जीवन पद्धति तथा संस्कारों द्वारा ही सम्भव है। कार्यक्रम में प्रान्तीय महासचिव द्वारा शाखा के दायित्वधारियों को शपथ ग्रहण करवाई गई। इस अवसर पर आगरा जिला चेयरमैन धर्मगोपाल मित्तल, प्रान्तीय संरक्षक विनय सिंघल, सुभाष वर्मा, अखिलेश भटनागर ने भी अपने-अपने विचार रखे।

**झाँसी मुख्य, बुन्देलखण्ड :** शाखा ने सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत स्थानीय इस्कॉन मंदिर गौशाला में गौ-सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें चरणारविन्द दास महाराज के सानिध्य में सेवा संकल्प कल्पना-आलोक अग्रवाल के द्वारा गौ-पूजन की गई।

**उरई :** शाखा के नवनिर्वाचित दायित्वधारियों का दायित्वग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। अपने दायित्व को ग्रहण करते हुए दायित्वधारियों ने परिषद् के नियमों का पालन करते हुए समाजसेवी कार्यों में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने की शपथ ली। मुख्य अतिथि डॉ. आर.बी. श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन

में कहा कि शाखा समाज सेवा कार्यों में अग्रणी रही है और समाज की परेशानियों में हमेशा सहयोग की भावना से मदद करने के लिए कटिबद्ध रहती है। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने अपने उद्बोधन में शाखा द्वारा संचालित कोविड अस्पताल और रसोई की सराहना करते हुए कहा कि परिषद् का कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने परिषद् को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय मंत्री संगठन शशि भूषण गुप्ता ने कहा कि परिषद् हर नागरिक में भारतीय संस्कारों को गढ़ने का काम करती है। प्रान्तीय अध्यक्ष अजय इटोरिया ने शाखा के नवीन दायित्वधारियों को शपथ दिलाया। डॉ. चम्पा श्रीवास्तव ने महिला कार्यकारिणी को शपथ दिलाया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनुरूद्ध गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष अनिल बहुगुणा सहित अन्य सदस्य एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

**कन्नौज :** कोरोना के कारण जिन बच्चों के माता-पिता दोनों काल ग्रस्थ हो गये है ऐसे अनाथ हुए 3 बच्चों को शाखा ने गोद लेकर उनका सरस्वती शिशु मंदिर सरायमीरा में प्रवेश करवाया और उनकी किताबें व गणवेश की व्यवस्था राष्ट्रीय मंत्री शशि भूषण गुप्ता द्वारा करवाई गई।

**काशी, काशी प्रदेश :** कोरोना महामारी के कारण लोगों का एक समूह में उपस्थित होना नहीं हो रहा है। इस लिए शाखा ने जूम एप्प पर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके अन्तर्गत बनारस की विख्यात आहार एवं पोषण विशेषज्ञ डॉ. रेखा गुप्ता ने ऑनलाइन के माध्यम से महिलाओं को समझाया कि उचित डाइट लेते हुए हम सभी कैसे स्वस्थ रह सकते हैं। वर्चुअल तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर में सदस्य शरद सहगल एवं स्नेह सहगल ने ऑनलाइन एकत्रित सभी बच्चों को डांस की क्लास करवाई और डांस सिखाया। सदस्य श्रुति रस्तोगी ने बच्चों को क्राफ्ट की क्लास करवाई और अच्छी चीजें बनाना सिखाया। नीलम गुप्ता ने ऑनलाइन एकत्रित सभी बच्चों को ध ार्मिक व प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई साथ ही कुछ योग भी करवाये। शाखा के आतिथ्य में प्रान्तीय महिला सम्मेलन 'परिवार समाज की धुरी' का आयोजन किया गया।




वाराणसी, काशी प्रदेश : शाखाओं के सहयोग से बाढ़ पीडितों को सहायतार्थ सामग्री

**वाराणसी :** वाराणसी परिक्षेत्र के जलप्लावन की विभिषिका के समय जीवनदायिनी माँ गंगा प्रलयंकारी रूप से अपने तटवासियों, नगरवासियों को भयाक्रांत कर रही थी ऐसे समय में एन.डी.आर.एफ. कमांडेट द्वारा जल की आवश्यकता बतलाने पर प्रान्त की शाखाओं (महामना, वाराणसी सिटी, शिवम् व आस्था) द्वारा बाढ़ पीड़ितों हेतु 1 लीटर की पैकड पानी की 10000 बोतलें प्रदान की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री सुदीप टण्डन, प्रान्तीय अध्यक्ष मुकुल शाह, महासचिव रवि प्रकाश जायसवाल, प्रकल्प प्रमुख पुष्प रंजन अग्रवाल सहित शाखाओं के दायित्वधारी उपस्थित रहे।

**आदर्श आजमगढ़ :** शाखा द्वारा सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत लोगों से सम्पर्क करके कोविड की वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया गया। जिला सदर अस्पताल में वैक्सीन लगावाने वाले लोगों में मास्क, साबुन एवं सैनिटाइजर का वितरण किया गया। वैक्सीन लगाने में प्रियंका एवं पैरामेडिकल स्टाफ व शाखा अध्यक्ष छाया अग्रवाल सहित सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

**महिला चौक-लखनऊ :** शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह के अन्तर्गत पीली कोठी, मशकगंज लखनऊ में 'एनीमिया से दूरी-बहुत है जरूरी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज्योति अग्रवाल द्वारा उपस्थित स्थानीय महिलाओं



**महिला चौक लखनऊ, अवध प्रदेश : शाखा द्वारा महिलाओं में लोहे की कढ़ाई एवं आयरन युक्त सामग्री का वितरण।**

एवं युवतियों को बताया कि शरीर में खून की कमी क्यो होती है और उससे कैसे बचाव किया जा सकता है। उपस्थित सभी महिलाओं एवं युवतियों को लोहे की कढ़ाई और आयरन युक्त सामग्री प्रदान की गई।

**सुभाष कोटा, राजस्थान दक्षिण पूर्व :** शाखा ने संस्कृति सप्ताह के अन्तर्गत 'हमारा घर हमारा बगीचा' शीर्षक नाम से व्याख्यान माला का आयोजन किया जिसमें संजीव सबरवाल ने अपने सारगर्भित व्याख्यान से लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के आयोजन में संयोजक परेश सक्सेना सहित सचिव डॉ. तेजेश गोयल व सदस्यगणों का सराहनीय सहयोग रहा।

**बारां :** शाखा अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बताया कि सामाजिक सरोकार व पीड़ित मानवता की सेवार्थ चलाए जा रहे बाढ़ राहत के क्रम में श्योपुर व बड़ौदा के आस पास के क्षेत्रों में 100 परिवारों को राशन के किट प्रदान की गई। अब दूसरी बार निकटवर्ती सांगोद कस्बे के गाँव हिंगीके बाढ़ पीड़ित लगभग 100 परिवारों के लिए तीन गाड़ी (आटा, दाल, चावल, तेल, नमक, हल्दी, धनिया, आलू, प्याज, त्रिपाल बिछाने हेतु, दरी, पट्टी, कम्बल, चप्पल, बिस्कुट आदि) राहत सामग्री की किट को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर दानदाताओं एवं शाखा के दायित्वधारियों सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

**भवानीमंडी :** परिषद् के प्रान्तीय नेत्रदान प्रभारी कमलेश दलाल ने बताया कि इस वर्ष परिषद् के सहयोग से भवानीमंडी में 8 जोड़ी नेत्रदान प्राप्त हुए हैं। नेत्रदान करने वाले सुनीज जैन, अनीता शर्मा, मोहनलाल वरदानी, भंवरलाल माहेश्वरी, रूकमणी देवी पोरवाल, नंनदराम आहूजा, केसरीलाल नागर, धापूबाई राठौर आदि 8 परिवारों को राष्ट्र के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सार्वजनिक समारोह में उपजिला कलेक्टर गिरधर बेनीवाल के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक गोपीचनद मीणा एवं नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश चंद बोहरा, उपाध्यक्ष अनिल वर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे। नेत्रदान प्रभारी ने बताया कि यह पहली बार है कि इतनी बड़ी संख्या में नगर से नेत्रदान प्राप्त हुए हैं। नेत्रदान के लिए समाज में जागरूकता फैलाने में अनुकरणीय योगदान के लिए नेत्रदान प्रभारी कमलेश दलाल को भी नगर पालिका मंडल भवानीमंडी द्वारा सम्मानित किया गया।




**बारां, राजस्थान दक्षिण पूर्व : शाखा द्वारा बाढ़ पीडितों को सहायतार्थ सामग्री भेजी गई।**

**धौलपुर, राजस्थान पूर्व :** शाखा ने संस्कृति सप्ताह के अन्तर्गत राजकीय विधि महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीलू गोयल ने परिषद् द्वारा किये जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए सभी का




**भवानीमंडी, राजस्थान दक्षिण पूर्व : उप-जिला कैलेक्टर द्वारा रक्तदाताओं का सम्मान**

**अलवर, राजस्थान उत्तर पूर्व :** शाखा द्वारा वर्चुअल माध्यम से परिषद् स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर राजकीय सामान्य चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय में मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरण किया गया। गऊशाला में 51 पौधे लगाये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता राष्ट्रीय चेयरमैन प्रकाशन डॉ. सुरेश चन्द्र गुप्ता रहे। उन्होंने डॉ. सूरज प्रकाश के योगदान पर सारगर्भित उद्बोधन दिया।

आह्वान किया कि पर्यावरण में जो असंतुलन हो गया है उसको ठीक करने के लिए पेड़ अवश्य लगाये एवं उसकी सुरक्षा करें। नगर परिषद् सभापति खशबू सिंह ने पौधा रोपण कर लोगों को यह संदेश दिया कि हमें जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। जिला उपभोक्ता मंच के न्यायाधीश अशोक कुमार शर्मा ने पौधा लगाते हुए कहा कि परिषद् जो इस तरह के पावन कार्य कर रही है वह सराहनीय है। नगर परिषद् आयुक्त सौरभ जिन्दल एवं पर्यावरण प्रभारी गुमान सिंह ने भी वृक्षारोपण करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य में नगर परिषद् हमेशा सहयोग करती रहेगी। शाखा अध्यक्ष जयन्त मोदी ने उपस्थित सभी लागों का धन्यवाद किया और कहा कि पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम की अनियमितता से जूझ रहा है। पौधा रोपण करके ही हम इस ग्लोबल वार्मिंग को कुछ हद तक कम कर सकते है।



**धौलपुर, राजस्थान पूर्व : शाखा द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न।**

**हिण्डौन सिटी :** शाखा सचिव पवन ऐरन एवं प्रभारी योगेश गुप्ता ने बताया कि स्व. अभय ऐरन की स्मृति में उनके परिजन जगदीश प्रसाद, अशोक कुमार मदनमोहन गुवरेंडा वाले के सहयोग से बालिका विद्यालय मोहननगर में पक्षियों हेतु चुग्गा स्थल का निर्माण करवाया गया जिसका उद्घाटन एवं लोकार्पण उपखण्ड अधिकारी अपून सिंह एवं प्रधानाचार्य सीमा जादौन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कोरोना काल में विभिन्न संगठनों एवं सरकार द्वारा लोगों की मदद की गई लेकिन भारत विकास परिषद् ने वेजुबान पक्षियों के लिए सोचा और चुग्गा स्थल का निर्माण करवाया यह बहुत ही सराहनीय एवं पुण्य का कार्य है। समारोह में परिषद् सदस्यों की परिवार एवं विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

परिषद् भवन में स्वामी विवेकानन्द महिला स्वावलम्बन केन्द्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक संजय शर्मा द्वारा किया गया। प्रारंभ में 12 सिलाई मशीन से महिला प्रशिक्षक द्वारा 35 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर नये सदस्यों को प्रान्तीय महासचिव रणवीर सिंह त्यागी द्वारा शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.डी. शर्मा, आर.एस. सक्सेना, रीजनल संरक्षक के.के. गुप्ता, प्रान्तीय संरक्षक डॉ कुमकुम कपूर, राष्ट्रीय मंत्री अशोक मित्तल, जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया




**अलवर, राजस्थान उत्तर पूर्व : शाखा द्वारा परिषद् स्थापना दिवस पर फल वितरण।**

गया। शाखा अध्यक्ष सुनील भारतिया ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया, धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट सचिव प्रदीप गोयल ने दिया और संचालन अनुपमा गोयल ने किया।

**छोटी सादड़ी, राजस्थान दक्षिण :** शाखा द्वारा श्री घाटी वाले बालाजी मंदिर प्रागंण में पर्यावरण एवं संवर्धन विषय पर घटते वन, बढ़ती आबादी' एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम एवं श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक सत्संग हुआ। सदस्य परिवारों ने एक-एक पौधा रोपण जोड़ो सहित किया और उन पौधों की रक्षा 2 वर्षों तक अपनी जिम्मेदारी लेकर छोटे बच्चों की तरह पालन पोषण विकसित करने का संकल्प लिया। घटते बन और बढ़ती आबादी एक विश्वव्यापी समस्या है जिसे समय रहते हुए दूर करने की महती आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि दुर्गा पारीक, जिला समन्वयक ने कहा कि कोरोना काल में ऑक्सीजन की समस्या आप सभी ने देखी है। अतः पौधा रोपण एक पुनीत कार्य है इसे पूर्ण करना चाहिए।

**आजाद उदयपुर :** सावन के रिमझीम बूंदों के बीच शाखा ने वन भ्रमण कार्यक्रम रखा जिसमें सदस्यों द्वारा झाड़ोल स्थित रमणीक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया गया। वन भ्रमण से पूर्व जिला प्रमुख ममता कुंवर, समाजसेवी भंवर सिंह पंवार, जिला परिषद् सदस्य डॉ. पुष्पा शर्मा, सरपंच बाबूलाल आदि द्वारा मगवास खाखड़ में पर्यावरण शुद्धता के लिए वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रान्तीय प्रकल्प प्रभारी दीपक शर्मा, शाखा अध्यक्ष डॉ. पुष्पा शर्म, सचिव प्रदीप रवानी, मनीष तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**सोमनाथ, सौराष्ट्र कच्छ :** शाखा दायित्वधारियों एवं सदस्यों द्वारा 'डॉक्टर्स डे' के अवसर पर शहर के विभिन्न अस्पतालों एवं सिविल अस्पताल के कोविड केयर में कार्यरत 64 डॉक्टरों और उनके 350 पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य को सम्मानित किया गया। साथ ही वेरावल पाटन के 19 सेवाभावी युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने त्रिवेणी संगम स्थित मुक्तिधाम में अपनी परवाह किये बिना दिन रात लोगों की मदद की। शहर के 11 एम्बुलेंस चालकों को भी सम्मानित किया गया।

**सुरेन्द्र नगर :** शाखा सदस्यों द्वारा प्रज्ञाचक्षु महिला सेवा कुंज के पद्मश्री मुक्ताबेन डगली से भेंट वार्ता की गई। मुक्ताबेन डगली का संस्था के विकास में सराहनीय सहयोग रहा है। उनके द्वारा बहनों को दैनिक कार्य, कम्प्यूटर आदि पर कार्य करने के लिए प्रेरित कर उन्हें स्वालम्बी बनाने में विशेष भूमिका रही है। शाखा सदस्यों द्वारा संस्था को सेवा राशि भेंट की गई।

**धनेरा, गुजरात उत्तर :** कोरोना महामारी में कोरोना गाईड लाईन का पालन करते हुए परिषद् सेवा व संस्कार के कार्यों को निरंतर कर रही है। इसी क्रम में शाखा सदस्य चेतनाबेन केतनभाई पटेल के ससुर की स्मृति में वाल्मीकि वास में लगभग 100 बच्चों को किताब, पेंसिल, रबर, चॉकलेट और बिस्कुट के डिब्बा भेंट की गई। ■

## श्रद्धांजलि

1. परिषद् के पूर्व राष्ट्रीय वित्त मंत्री ओम प्रकाश कानूनगो की माता जी श्रीमती मोहिनी देवी का निधन 1 सितम्बर, 2021 को 92 वर्ष की उम्र में मुम्बई में हो गया। परमपिता परमात्मा से प्रार्थना दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें व कानूनगो परिवार को इस आघात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

2. चण्डीगढ़ : परिषद् के पहली पीढ़ी के कार्यकर्ता राजिन्द्र नाथ गोयल का निधन हो गया। गोयल जी बहुत लम्बे समय तक परिषद् के साथ जुड़कर समाज सेवा में निरन्त कार्यरत रहे।

# भारत विकास भवन, अजमेर का लोकार्पण




**नव निर्मित भारत विकास परिषद् भवन, अजमेर का लोकार्पण करते हुए राष्ट्रीय, रीजनल एवं प्रान्तीय दायित्वधारी**




**नव निर्मित भारत विकास भवन, अजमेर**

भारत विकास परिषद् अजमेर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्मित दो मंजिला भारत विकास भवन का लोकार्पण अनंत श्री विभूषित जगतगुरु श्री निम्बार्काचार्य श्री श्यामशरण देवाचार्य श्री श्रीजी महाराज सलेमाबाद के पावन करकमलो द्वारा सम्पन्न हुआ। अपने उद्‌बोधन में उन्होंने परिषद् की सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नवनिर्मित भवन सेवा का मंदिर है और इस मंदिर में समाज सेवा के पुनीत कार्य होना चिश्चित है क्योंकि इस भवन की नींव भी उसी महूर्त में रखी गई थी जब अयोध्या में राम मंदिर की नींच रखी गई थी। प्रान्तीय महासचिव संदीप बाल्दी ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। प्रान्तीय अध्यक्ष पारसमल बोहरा ने कहा कि स्थाई प्रकल्प में प्रान्त का सहयोग सदैव मिलता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने कहा कि परिषद् द्वारा पूरे देश में सेवा और संस्कार प्रकल्प के माध्यम से समर्पण भाव से समाज सेवा किये जा रहे हैं। राजस्थान मध्य प्रान्त सेवा कार्य और सदस्यता संख्या में अग्रणी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.डी. शर्मा ने अपने उद्‌बोधन में परिषद् के सेवा कार्यों की जानकारी सदन के समक्ष रखी। शाखा अध्यक्ष सुरेश चंद्र गोयल ने कहा कि इस भवन का निर्माण भामाशाहों के सहयोग एवं कर्मठ सदस्यों के समर्पण से ही सम्भव हो पाया है। इसके लिए उन्होंने सभी दायित्वधारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इस सेवा मंदिर के माध्यम से नर के रूप में नारायण की सेवा की जाएगी तथा वंचित वर्ग के लिए रोजगारोन्मुख प्रकल्प किये जाएंगे। शाखा संरक्षक अशोक गोयल ने भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भवन निर्माण में आर्थिक सहयोग देने वाले दानदाताओं एवं विशेष सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओं को मोमेंटो एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. त्रिभुवन शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री मुकन सिंह राठौड़, राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सचिव सम्पर्क मालचन्द गर्ग, राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सचिव संस्कार बलराज आचार्य, रीजनल मंत्री दिनेश कोगटा, रीजनल महिला एवं बाल विकास सचिव गुणमाला अग्रवाल, प्रान्तीय वित्त सचिव गोविन्द अग्रवाल, प्रान्तीय संरक्षक मुकुट बिहारी मालपानी एवं अन्य गणमान्य प्रान्तीय दायित्वधारी उपस्थित रहे। समारोह में डॉ. कमला गोखरू, सुषमा शर्मा, भारती कुमावत, नीता भटनागर, सविता अग्रवाल, मोनिका अपूर्वा, आशा गोयल ने वन्देमातरम गीत प्रस्तुत किया। शाख सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम में चार चांद लग गए। संचालन जिला अध्यक्ष दिलीप पारीक और सुषमा शर्मा ने किया। ■

# नेत्रदान–देहदान

## बारिश के बीच में भवानीमंडी मुक्तिधाम पहुँच कर लिया नेत्रदान



भवानीमंडी (राजस्थान दक्षिण पूर्व) परिषद् के कमलेश गुप्ता ने बताया कि शहर के केसरीलाल नागर के देहावसान होने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता घनश्याम गुप्ता की प्रेरणा से मृतक के पुत्र दिनेश, प्रकाश, बंशी, रामस्वरूप एवं गुमानशंकर नागर के द्वारा नेत्रदान की इच्छा प्रकट की गई जिस पर शाइन इंडिया फाउण्डेशन, कोटा को सूचना देने पर वहाँ से डॉ. कुलवंत गौड़ ने कार से भवानीमंडी आकर नेत्रदान प्राप्त किया। बारिश होने के कारण जगह-जगह रास्ते बंद होने से 4 घंटे समय चिकित्सक की टीम लग गये। जिस कारण 1 घंटे विलम्ब से दाह संस्कार किय गया। प्रान्तीय नेत्रदान प्रभारी एवं शाइन इंडिया फाउण्डेशन के ज्योति मित्र कमलेश दलाल ने बताया कि 35 वर्ष पूर्व मोतियाबिन्द के ऑपरेशन में मृतक का कोर्निया खराब हो गया था। इस कारण उन्होंने एक आँखों से ही जीवन यापन किया है। एक आँख से नहीं देख पाने के कारण उन्हें नेत्र ज्योति का महत्व अच्छी तरह पता था और वे हमेशा अपने परिवार सदस्यों के बीच भवानीमंडी के नेत्रदान कार्य की प्रशंसा करते थे। मृत्यु के पश्चात परिजनों को संकोच था कि केवल एक कोर्निया लेने के लिए बारिश में इतनी दूर से टीम कैसे आएगी, परन्तु शाइन इंडिया के डॉ. कुलवंत गौड़, जो मॉर्निंग वॉक को निकले थे तभी कोटा में एक नेत्रदान का संदेश आने पर नेत्रदान की प्रक्रिया कर रहे थे और वहीं पर भवानीमंडी का संदेश मिलने पर, वहाँ के लिए रवाना हो गये। मृतक केसरीलाल नागर का कोर्निया अच्छा पाया गया है, जिसे आई बैंक जयपुर भिजवा दिया गया है जहाँ यह किसी अन्य नेत्रहीनों को नई रोशनी प्रदान कर सकेगा। यह 39वां नेत्रदान था।



अजमेर (राजस्थान मध्य) राजस्थान आई बैंक सोसायटी के चिकित्सा टीम के द्वारा राजकुमार जैन, हरिकिशन छापरवाल एवं विजय शर्मा के प्रयास से अजमेर निवासी अकित बंसल पुत्र प्रमोद शरण गुप्ता के देहावसान होने पर परिवार की सहमति से नेत्रदान प्रक्रिया पूरी की गई।



गंगापुर (राजस्थान मध्य) राजस्थान आई बैंक सोसायटी के चिकित्सा टीम के द्वारा राजकुमार जैन, हरिकिशन छापरवाल एवं विजय शर्मा के प्रयास से गंगापुर निवासी प्रहलाद राय मूंदड़ा पुत्र स्व. बंशी लाल मूंदड़ा के देहावसान होने पर परिवार की सहमति से नेत्रदान प्रक्रिया पूरी की गई।



शामगढ़, मध्य भारत पश्चिम : नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं काला परिवार के वरिष्ठ सदस्य मांगीलाल काला के देहावासन होने के पश्चात उनके भाई शंभूलाल काला एवं सुपुत्र सुनील, अनिल, प्रदीप काला की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। नेत्र उत्सर्जन का कार्य परिषद् के नेत्र चिकित्सा प्रभारी डॉ. अमित धनोतिया, दृष्टि रोग विशेषज्ञ, ओमेश गहलोत, शाखा के कोषाध्यक्ष डॉ. संजय चौहान ने सफलता पूर्वक किया जिसे निजी वाहन द्वारा नेत्र गोमाबाई नेत्रालय पहुँचाया गया जहाँ पर दो लोगों को नेत्र रोशनी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष प्रमोद गुजराती, मुकेश दानगढ़, जितेन्द्र जैन सहित काला परिवार से व्यापारी मंडल संरक्षक रमेशचंद काला, अध्यक्ष अनिल काला पोलवाल समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम आर काला लायंस क्लब उपाध्यक्ष किशोर चंद काला सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

RNI No. 19789/70 No. DL-(N)-112/2021-2023 Licensed to post without pre payment No. U (DN)-91/2021-22 Date of Printing 22.09.2021
Dates of Posting 27 & 28 September, 2021 from Ashok Vihar H.O. Delhi

# भारत विकास परिषद्

## प्रकाशन विभाग

अनेक ज्ञानवर्धक पुस्तकें/पुस्तिकाएँ आपके व समर्पित सदस्यों के परिषदीय ज्ञान हेतु उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त लापेल पिन और चार्टर भी उपलब्ध हैं। इन्हें समाज एवं सदस्यों में वितरित करने हेतु कृपया अपना ऑडर ई-मेल : **bvp@bvpindia.com** करें या दूरभाष : 011-27313051, 27316049, 47029761 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

| I. | पुस्तकें/पुस्तिकाएं | मूल्य (₹) |
|---|---|---|
| 1. | Karmayogi Swami Vivekanad | 10/- |
| 2. | Narendra To Vivekanad | 05/- |
| 3. | Dr. Suraj Prakash, a Life Dedicated to the Nation | 10/- |
| 4. | राष्ट्रीय चेतना के स्वर (संस्करण : 2019) | 17/- |
| 5. | नरेन्द्र से विवेकानन्द | 05/- |
| 6. | राष्ट्र समर्पित डॉ. सूरज प्रकाश | 10/- |
| 7. | शाखा स्थापना एवं संचालन | 15/- |
| 8. | सुरेश (भैयाजी) जोशी | 30/- |
| 9. | भारत विकास परिषद् - परिचय | 01/- |
| 10. | Guru Vandan Chhatra Abhinanda-Guidelines for Branches | 01/- |
| 11. | Guru Vandan Chhatra Abhinanda-Guidelines for Schools | 01/- |
| 12. | Divyang Sahayata Yojana | 01/- |
| 13. | Blood Donation | 01/- |
| 14. | Online Bharat Ko Jano | 01/- |
| 15. | रक्तदान | 01/- |
| 16. | दिव्यांग सहायता योजना | 01/- |
| 17. | गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन - शाखाओं के लिए निर्देश | 01/- |
| 18. | गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन - विद्यालयों के लिए निर्देश | 01/- |
| 19. | पर्यावरण | 01/- |
| 20. | समग्र ग्राम विकास | 01/- |
| 21. | प्रौढ साधना | 01/- |
| 22. | सामूहिक सरल विवाह | 01/- |
| 23. | संस्कृति सप्ताह | 01/- |
| 24. | बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ | 01/- |
| 25. | लापेल पिन | 35/- |
| 26. | चार्टर | 250/- |

**Kindly make the payment in favor of 'Bharat Vikas Parishad Prakashan'. Account No. 90962010080664, RTGS or IFS code: CNRB0019096 of CANARA Bank, Pitampura, Delhi-110034**

Published & Printed by Ajay Dutta for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034
Editor : Dr. S.C.Gupta Printed at: DEEYA MEDIA ART, D-41/A, Opposite Metro Pillar No.33, Laxmi Nagar, Vikas Marg, Delhi-110092, Ph.: 9312550335